राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, हाथरस, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



06 प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनास ने...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



ओपी राजभर का अखिलेश यादव पर... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 13 नवंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 248, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

कुरान की आयत वाला पेंडेंट पहनकर फंसीं करीना कपूर, कांग्रेस नेता ने भेजा कानूनी नोटिस

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेत्री करीना कपूर खान एक बार फिर विवादों में घिरी नजर आ रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री ने दीपावली के शुभ अवसर पर शाही लुक अपनाया था, जिसमें उन्होंने 200 साल पुराना एक बेशकीमती पेंडेंट (30 कैरेट का पन्ना जड़ा हार) पहना था, जिस पर कुरान की आयतें लिखी हैं। कांग्रेस नेता अब्बास हफीज ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है और मुस्लिम समुदाय से माफी मांगने की मांग की है। अब्बास हफीज का कहना है कि कुरान की आयत वाले धार्मिक



आभूषण को फैशन एक्सेसरी के तौर पर पहनना और प्रदर्शित करना मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने सोशल मीडिया से संबंधित तस्वीरें और वीडियो हटाने तथा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बयान जारी करते हुए कहा, हमें इस बात से आपत्ति है कि भोपाल की बेगम का पेंडेंट इस्लामिक हैरिटेज से जुड़ा रहा है। इस पर कुरान की आयतें लिखी हैं, जिसे आयत-उल-कुर्सी कहते हैं। हमारे लिए यह बहुत पवित्र होती है और हम लोग उसे बिना वुजू (पवित्रता) के नहीं छूते हैं। अब्बास हफीज ने साफ किया कि उन्हें अभिनेत्री करीना के पहनावे से कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, हमें किसी के पहनावे से कोई आपत्ति नहीं है और न ही ये कोई विवाद है बल्कि हमें इससे आपत्ति है कि अभिनेत्री करीना कपूर खान दीपावली पर यह पेंडेंट पहनकर फ्लॉन्ट कर रही हैं। देखिए, ये भोपाल का तारीखी पेंडेंट है, जो इस्लाम में हैरिटेज से जुड़ा है।

बीजेपी मुख्यालय में दीपावली मिलन समारोह, पीएम मोदी बोले- प्रेस रिलीज से इंस्टा रील तक मीडिया का लंबा दौर देखा

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में इस कार्यक्रम की मेजबानी की। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के साथ अपने पुराने संबंधों और बदलते दौर के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रेस रिलीज से लेकर इंस्टा रील तक मीडिया के कामकाज और संवाद के लंबे सफर को करीब से देखा है। 90 के दशक में फैक्स मशीन से भेजी जाती थीं

प्रेस रिलीज से लेकर इंस्टा रील तक मैंने मीडिया का, मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा है

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि नई पीढ़ी के कई साथी आज यहां मौजूद हैं, लेकिन पुराने लोग जानते हैं कि उनका मीडिया जगत के साथ लंबे समय से सहज संबंध रहा है। उन्होंने कहा, प्रेस रिलीज से लेकर



इंस्टा रील तक मैंने मीडिया का, मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा है।

पीएम मोदी ने बताया कि 90 के दशक की शुरूआत में उन्हें दो बड़ी यात्राओं के दौरान देशभर में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी मिली थी। उस समय प्रेस रिलीज भेजने के लिए भी फैक्स मशीन ढूंढनी पड़ती थी। बाद में जब वह दिल्ली आए, तब भी यह जिम्मेदारी उनके पास ही रही।

अशोक रोड कार्यालय में कुर्सियां लगाने की थी जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री ने भाजपा के पुराने कार्यालय अशोक रोड से जुड़ी यादें भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि उन दिनों भी दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। इन कार्यक्रमों में उनकी जिम्मेदारी कुर्सियां लगाने और मेहमानों की देखरेख करने की होती थी।

अभिषेक बनर्जी के घर के सामने बना बांस का ढांचा हटाया गया, केएमसी ने चलाया बुलडोजर

कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के कर्मचारियों ने कोलकाता पुलिस



की मदद से गुरुवार को ममता-तृणमूल कांग्रेस महासचिव और डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित आवास के सामने बना अस्थायी बांस का ढांचा हटा दिया। अस्थायी बांस के ढांचे को हटाने की प्रक्रिया बुधवार शाम को तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुरू की थी। हालांकि, यह प्रक्रिया बाद में पूरी हुई, जब गुरुवार सुबह केएमसी कर्मचारी पुलिस के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे और ढांचे को गिराकर हटा दिया।

पूरी तोड़फोड़ का काम भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया, जो किसी भी तरह के तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए वहां मौजूद थे।

डायमंड हार्बर के सांसद के आवास की बाउंड्री वॉल के बाहर लंबे समय से लगा हुआ एक लोहे का गेट भी हटा दिया गया। पहले केएमसी कर्मचारियों ने गैस कटर से लोहे के गेट को काटा और फिर उसे हटा दिया।

कंगना रनौत ने सोनिया गांधी से स्विस खातों को लेकर पूछे सवाल, राहुल गांधी के सेल्फ-गोल टैलेंट पर कसा तंज

नई दिल्ली (आरएनएस)। अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोनिया गांधी की बायोग्राफी को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने गांधी परिवार से जुड़ी घटनाओं के बारे में सोनिया गांधी के बताए गए विवरण पर तंज कसा है। बायोग्राफी को सेल्फ-गोल बताते हुए कंगना ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने अपना सेल्फ-गोल टैलेंट अपनी मां से विरासत में पाया है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये बातें लिखीं, जिनमें उन्होंने राजीव गांधी की मौत, मेनका गांधी के परिवार से अलग होने और सोनिया गांधी की नागरिकता को लेकर टिप्पणी की। साथ ही उन्होंने स्विस बैंक खातों को लेकर बिना सबूत के आरोप भी लगाए। पहली स्टोरी में



कंगना ने लिखा, सोनिया गांधी की बायोग्राफी एक ऐसा सेल्फ-गोल है। वह बताती हैं कि राजीव गांधी की मौत वाले दिन थकान और सुस्ती जैसे कारणों का हवाला देते हुए वे उनके साथ जाने से कैसे बचीं। तो अब हमें पता चल गया कि राहुल गांधी को अपना सेल्फ-गोल टैलेंट कहां से मिला है। उन्हें यह अपनी मम्मी से मिला है।

उन्होंने अगली स्टोरी में लिखा, राजीव सिर्फ एक शर्त पर सोनिया गांधी के पास वापस आने के लिए सहमत हुए। मेनका को जाना होगा। यह मेनका के लिए भी चौंकाने वाला था, खासकर इसलिए क्योंकि इसी समय, संजय की मौत के बाद, सोनिया गांधी ने भारत में 15 साल रहने के बाद भारतीय नागरिकता हासिल करने का फैसला किया। कंगना ने जिक्र किया कि मेनका गांधी कहती हैं कि वह और इंदिरा गांधी दोनों एक तीसरे व्यक्ति की शिकार थीं। उन्होंने लिखा, वह तीसरा व्यक्ति कौन था? 22 साल की विधवा मेनका को बताया गया कि उन्हें जाना होगा और वह दूसरों के साथ एक ही टेबल पर बैठ भी नहीं सकतीं।

पीएम मोदी कुशल वक्ता और मेहनती इंसान : सैम पित्रोदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुशल वक्ता और मेहनती इंसान बताया है। कहा कि भले ही उनके बीच वैचारिक मतभेद हों लेकिन वो मानते हैं कि उनके गुजराती मित्र बहुत सहृदयी हैं। पित्रोदा की ये अप्रत्याशित टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी के उस कमेंट पर आई जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को कुशल वक्ता करार दिया था। जब उनसे सोनिया की टिप्पणी पर सवाल पूछा गया तो पित्रोदा ने कहा, मैं एक इंसान के तौर पर उनका काफी सम्मान करता हूं।

उन्होंने कहा, वे मेरे गुजराती मित्र हैं। एक इंसान के तौर पर मैं उनका सम्मान करता हूं। मैं उनसे मिला हूं, मेरी पत्नी और मैं उनसे मिले थे। व्यक्तिगत तौर पर वे बहुत ही आत्मीय, दयालु, स्नेही और ख्याल रखने शख्स हैं। बेशक, वे एक अच्छे वक्ता हैं और मेहनती भी हैं। हमारी



आपस में अच्छी बनती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहा, हमारे बीच कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं हैं। एक गुजराती नेता, मित्र और शुभचिंतक के रूप में, मिस्टर मोदी के खिलाफ मेरे मन में कुछ भी नहीं है। वे मेरे प्रति बहुत आत्मीय हैं।

शुभ नवरात्रि

जिला बुलन्दशहर में सबसे सस्ती विकसित Approved Colony

APPROVED COLONY APPROVED

सरस्वती विहार

ऑफर

शुरूआत में आओगे तो सस्ता मिलेगा, देर से आओगे तो महंगा मिलेगा

- जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत।
- भूड़ चौराहे से मेरठ हाईवे पर ऑनरोड कॉलोनी।
- न्यू नोएडा के नजदीक।
- बुलंदशहर रिंग रोड के नजदीक।
- सुन्दर पार्क एवं भव्य मन्दिर।
- स्कूल, डिग्री कॉलेज, रेस्टोरेंट, पैट्रौल पम्प के बिल्कुल नजदीक
- एक गेट की बन्द कॉलोनी।



दीपावली के अवसर पर आज से दीपावली तक प्लॉट बुक कराने पर विशेष लकी ड्रा

5 विजेताओं को 5* इलैक्ट्रिक स्कूटी जीतने का सुनहरा अवसर

नियम व शर्तें लागू*

होमलोन की सुविधा

24 घंटे बिजली सुविधा

कॉमर्शियल प्लॉट आवासीय प्लॉट

तैयार दुकान व तैयार मकान

सीसीटीवी कैमरे द्वारा सुरक्षित कॉलोनी

- प्लॉट - साईज 60 गज, 80, 100, 150 गज
- मकान - 2BHK, 3BHK
- रास्ते - 35, 30, 28, 24, 20 फुट चौड़े
- सीवर, पक्की नाली व पक्के चौड़े रास्ते

Marketd By : ALLIED DEVELOPER & ASSOCIATES, Bulandhsahr

-Vivek Rana -Shubham Singhal 9457015881 9917176500

पता-रेनिसेन्स स्कूल के पास, मेरठ रोड, गिझौरी, बुलन्दशहर

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों के





निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण इस प्रकार किया जाए कि शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें।

स्टूडियो में घुसकर संचालक पर जानलेवा हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। पुरानी रंजिश के चलते एक स्टूडियो संचालक पर हुए हमले का मामला सामने आया है। स्टूडियो में घुसे कुछ लोगों ने संचालक अनंत दहिया के साथ मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के दौरान स्टूडियो में लगे सीसीटीवी कैमरों में हमलावरों की पूरी करतूत कैद हो गई। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। घटना के बाद सामने आए फुटेज में कुछ लोग स्टूडियो के भीतर संचालक के साथ मारपीट



करते दिखाई दे रहे हैं। वारदात के दौरान हुई मारपीट और धारदार हथियार से हमले ने स्टूडियो परिसर की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। हालांकि हमले के पीछे पुरानी रंजिश को वजह बताया जा रहा है। लेकिन विवाद की वास्तविक वजह जांच का विषय है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मोदीनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान करने के साथ ही घटना में उनकी भूमिका की पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ईंट-भट्ठा स्वामी 30 नवम्बर तक जमा कराएं विनियमन शुल्क, अन्यथा लगेगा ब्याज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। जनपद गाजियाबाद के समस्त ईंट-भट्ठा स्वामियों को सूचित किया जाता है कि शासनादेश के क्रम में ईंट-भट्ठा सत्र 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम 21(2) के अंतर्गत ईंट-भट्ठा स्वामियों से पायों के आधार पर विनियमन शुल्क जमा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।उक्त निदेशों के अनुसार, दिनांक 30 नवम्बर, 2026 तक जमा की गई विनियमन शुल्क की धनराशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा, जबकि निर्धारित तिथि के उपरान्त जमा की जाने वाली धनराशि पर नियमानुसार ब्याज देय होगा। इसके साथ ही समस्त ईंट-भट्ठा स्वामियों के लिए अपने ईंट-भट्ठे का



पंजीकरण विभागीय पोर्टल upmines.upsdc.gov.in पर कराना अनिवार्य है। इस संबंध में जनपद के लगभग 54 ईंट-भट्ठों द्वारा विनियमन शुल्क जमा कराया जा चुका है, जो सराहनीय है।

अतः जनपद गाजियाबाद के समस्त ईंट-भट्ठा स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 30 नवम्बर, 2026 से पूर्व अपने ईंट-भट्ठों का पायों के आधार पर विनियमन शुल्क जमा कराना तथा विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के उपरान्त विनियमन शुल्क जमा करने पर नियमानुसार ब्याज देय होगा। साथ ही, विनियमन शुल्क जमा न कराने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संबंधित ईंट-भट्ठा स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

डॉ अनुपम गर्ग ने सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस पर किया महत्वपूर्ण शोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस यानी गर्दन की रीढ़ संबंधी बीमारी के वैज्ञानिक मूल्यांकन और मरीजों की अवस्था के अनुरूप उपचार को लेकर क्षेत्र के प्रमुख फिजियोथेरेपिस्ट डॉ अनुपम गर्ग ने पांच वर्षों के शोध के बाद महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मेरठ के स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय से उनकी पीएचडी रिसर्च सफलतापूर्वक पूरी हुई है। शोध में बीमारी की पहचान के लिए स्क्रीनिंग टूल और तीन अवस्थाओं पर आधारित उपचार एवं व्यायाम की एकीकृत पद्धति विकसित की गई है।

करीब 22 वर्षों के चिकित्सकीय अनुभव वाले डॉ गर्ग के शोध की छह मौलिक रचनाओं को भारत सरकार के कॉपीराइट कार्यालय से अधिकार मिले हैं। शोध के निष्कर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा शोध पत्रों में भी प्रकाशित हुए हैं। इसके अलावा फ्रांस स्थित मैपी रिसर्च ट्रस्ट से अंतरराष्ट्रीय लाइसेंस अनुबंध प्राप्त हुआ है। स्क्रीनिंग टूल और व्यायाम पद्धति का 26 विशेषज्ञों के माध्यम से वैज्ञानिक मूल्यांकन भी कराया गया। शोध के तहत 120 कंप्यूटर प्रोफेशनल्स को अध्ययन में शामिल किया गया। जिनमें 109 ने चार सप्ताह का निर्धारित व्यायाम कार्यक्रम पूरा किया। अध्ययन में लंबे समय तक बैठकर काम करने वालों में गर्दन संबंधी समस्याओं की गंभीरता अधिक सामने आई। वहीं निर्धारित व्यायाम कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। दीपावली पूर्व विश्वविद्यालय में आयोजित अंतिम शोध प्रतिरक्षा में विशेषज्ञ समिति ने शोध को बिना किसी संशोधन के सर्वसम्मति से सफल घोषित किया। प्रो डॉ जैस्मिन आनंदाबाई के निर्देशन में संपन्न शोध का बाह्य मूल्यांकन जामिया मिल्लिया इस्लामिया की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ जुबिया वक्कार ने किया।



सफल पीएचडी डिफेंस के बाद डॉ अनुपम गर्ग, बाह्य परीक्षक डॉ जुबिया वकार, शोध निर्देशक डॉ जैस्मिन आनंदाबाई एवं प्राचार्य डॉ अमित कुमार गोयल

डॉ अनुपम गर्ग की इस उपलब्धि को मोदीनगर में प्रमाण-आधारित फिजियोथेरेपी और आधुनिक पुनर्वास चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि माना जा रहा है।

वदरियापुर चौराहे के पास पेड़ से लटका मिला 25 वर्षीय युवक का शव

लखनऊ (आरएनएस)। महिंगवां थाना क्षेत्र के दरियापुर चौराहे के पास एमआरकेओ फैक्ट्री के बगल में गुरुवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। मृतक की पहचान उत्तम उर्फ छोटू उर्फ फक्कड़ (25) पुत्र सुंदरलाल, निवासी विशम्भर खेड़ा, ग्राम पंचायत अल्दमपुर, थाना महिंगवां के रूप में हुई है।


पुलिस के अनुसार, गुरुवार को सूचना मिली थी कि फैक्ट्री के पास एक पेड़ से दुपट्टे के सहारे युवक लटका हुआ है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो परिजन शव को नीचे उतार चुके थे। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि युवक नशे का आदी था और घर पर भी कम ही आता-जाता था। उसकी पत्नी वर्तमान में मायके गई हुई थी।पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छठ महापर्व 13 नवंबर से, 16 को उगते सूर्य को अर्घ्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ 13 नवंबर से शुरू होकर 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। इस पर्व में भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और खुशहाली की कामना की जाती है। पर्व की विशेषता यह है कि इसमें अस्तांचलगामी और उदयमान, दोनों सूर्य को अर्घ्य देकर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है।

पंडित उदय चंद्र झा के अनुसार छठ वर्ष में दो बार मनाया जाता है। चैत्र मास में होने वाले पर्व को चैती छठ और कार्तिक मास में मनाए जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मुख्य पूजा होने के कारण इसे छठ पर्व की संज्ञा दी गई है। धार्मिक मान्यताओं में सूर्य को जीवन, ऊर्जा और प्रकाश का स्रोत तथा छठी मैया को संतान की रक्षा और परिवार के कल्याण की देवी माना गया है। पर्व की शुरूआत 13 नवंबर को नहाय-खाय से होगी। इस दिन व्रती स्नान के बाद सात्विक भोजन ग्रहण कर अनुष्ठान शुरू करेंगे। 14 नवंबर को खरना होगा। जिसमें दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद तैयार कर ग्रहण किया जाएगा। 15 नवंबर को व्रती नदी, तालाब और अन्य जलाशयों में



खड़े होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके अगले दिन 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय व्रत का समापन होगा। मेरठ क्षेत्र में प्रातः अर्घ्य सूर्योदय के समय लगभग 6:43 बजे होगा। पंडित उदय चंद्र झा ने बताया कि छठ व्रत में शुद्धता और नियमों का विशेष महत्व है। इस दौरान प्याज-लहसुन का प्रयोग नहीं किया जाता। व्रती कठिन उपवास रखते हुए सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत करते हैं। महिलाएं पारंपरिक साड़ी और पुरुष धोती धारण कर पूजा करते हैं। पर्व के दौरान घरों में छठ के पारंपरिक गीत गूंजते हैं और पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है।उन्होंने बताया कि वैदिक परंपरा में सूर्य की पहली किरण को उषा और अंतिम किरण को प्रत्युषा कहा गया है। इन्हीं दोनों स्वरूपों की उपासना छठ पर्व का विशेष आध्यात्मिक संदेश है। इसमें प्रकृति, परिवार और जीवन के प्रति कृतज्ञता का भाव भी निहित है।

घर के बाहर से किशोरी को कार में खींचने का प्रयास, परिजनों ने की आरोपी पर कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। मोदीनगर थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में नाबालिग छात्रा को जबरन कार में खींचने की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि काफी समय से पीछा कर रहा एक युवक बुधवार को छात्रा को घर के बाहर अकेला पाकर उसे कार में खींचने लगा। किशोरी के विरोध और शोर मचाने पर आरोपी अपने प्रयास में सफल नहीं हो सका। घटना के बाद से छात्रा और उसका परिवार दहशत में है। जानकारी के अनुसार पीड़िता क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ती है। आरोपित युवक काफी समय से कॉलेज आते-जाते समय उसका पीछा कर रहा था। बुधवार को वह किसी घरेलू काम से घर के बाहर निकली थी। इसी दौरान युवक ने उसे जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए खुद को उसके चंगुल से छुड़ाया और शोर मचाते हुए घर के भीतर पहुंच गई। किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी तो परिवार में चिंता फैल गई। गुरुवार को परिजन उसे लेकर मोदीनगर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि घर के बाहर इस तरह की घटना ने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

श्रमिक महिलाओं के लिए निःशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर का सफल आयोजन, "सशक्त महिला उद्यमी संगठन" की सराहनीय पहल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। महिलाओं में तेजी से बढ़ रही गंभीर बीमारी स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता और समय पर पहचान के उद्देश्य से सशक्त महिला उद्यमी संगठन (रटवर) द्वारा आज एक विशेष निःशुल्क स्तन कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर एनएचपीसी लिमिटेड (NHPC Limited) की सीएसआर पहल एवं SHEWings के सहयोग से संगठन की इकाई प्लॉट नं. 481, उद्योग केंद्र-2, इकोटेक-III, ग्रेटर नोएडा पर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और बड़ी संख्या में श्रमिक एवं जरूरतमंद महिलाओं ने इसका लाभ उठाया।

गरीब और श्रमिक महिलाओं पर विशेष फोकस

संगठन ने इस शिविर को विशेष रूप से श्रमिक, निम्न आय वर्ग एवं कारखानों में कार्यरत महिला श्रमिकों को ध्यान में रखकर आयोजित किया था। अक्सर देखा जाता है कि स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बारे में गरीब तबके की, निम्न स्तर की हमारी श्रमिक महिलाएं तब जान पाती हैं जब बीमारी अपनी आखिरी अवस्था में पहुंच चुकी होती है या बहुत देर हो चुकी होती है। इसी गंभीर स्थिति को मद्देनजर रखते हुए संगठन ने यह पहल की कि समय रहते निःशुल्क जांच और जागरूकता के माध्यम से महिलाओं को इस बीमारी से बचाया जा सके।



शिविर में महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की निःशुल्क जांच, स्वयं स्तन जांच (इर्शी२३ री'ा-एऍेल्लं३ङ्कल्ल) की जानकारी तथा विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

डॉ. खुशबू सिंह ने कहा - स्वस्थ समाज से ही विकसित भारत की बुनियाद

इस अवसर पर सशक्त महिला उद्यमी संगठन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. खुशबू सिंह ने कहा,"आज स्तन कैंसर महिलाओं के बीच सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। मेरा मानना है कि स्वस्थ समाज में ही स्वस्थ भारत है और स्वस्थ भारत में ही विकसित भारत की बुनियाद है। यदि हमारी नारी स्वस्थ होगी, तो ही हमारा समाज और राष्ट्र सशक्त होगा।"

उन्होंने आगे कहा, "सशक्त महिला उद्यमी संगठन के माध्यम से हम हमेशा से ही समाज हित, राष्ट्र हित, महिला हित और विशेष रूप से वंचित वर्गों के हित के लिए कार्य करते आए हैं। भविष्य में भी हम इसी प्रकार समाज के कल्याण के लिए अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करते रहेंगे और ऐसे जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से आगे आते रहेंगे।"

शिविर में आई सभी श्रमिक महिलाओं ने संगठन, NHPC लिमिटेड और SHEWings की इस संयुक्त पहल की काफी प्रशंसा की और इसे महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अत्यंत आवश्यक कदम बताया।

आवासीय सोसायटियों के पात्र सदस्यों का मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 13 नवम्बर को होगा विशेष कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जनपद में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 (एसएसआर) का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल कराने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 13 नवम्बर, 2026 को अपराह्न 02:00 बजे आईटीएस कॉलेज, मोहन नगर, गाजियाबाद में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में जनपद की समस्त आवासीय सोसायटियों के अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) एवं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के अध्यक्षों एवं सचिवों से अपेक्षा की गई है कि वे अपनी-अपनी सोसायटियों एवं कॉलोनियों में निवासरत परिवारों के पात्र सदस्यों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं तथा उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा सभी एओए एवं आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अभियान को सफल बनाने में सक्रिय एवं रचनात्मक सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

विश्व मधुमेह दिवस

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और जागरूकता गतिविधियों का होगा संगम

विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में आईएमए द्वारा आयोजित होगा भव्य राहगिरी कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) द्वारा विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी 15 नवंबर (रविवार) को एक विशेष राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक सेंट्रल पार्क, राजनगर के सामने वाली रोड पर आयोजित होगा, जिसमें आईएमए की पूरी टीम के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया गया कि पिछले कई वर्षों से विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं, लेकिन इस मुहिम से आम जनता को बड़े स्तर पर जोड़ने के लिए पिछले वर्ष 'राहगिरी' की अनूठी शुरूआत की गई थी। जनसाधारण से मिले जबरदस्त उत्साह और सराहना को देखते हुए इस वर्ष भी इसे और अधिक व्यापक रूप से जारी रखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में मधुमेह रोगियों एवं सभी नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की निःशुल्क स्वास्थ्य जांचों (हेल्थ चेकअप) के साथ-साथ मनोरंजक और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा 1. विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर (हेल्थ चेकउपस्थिति):मधुमेह (डायबिटीज) विशेष जांचः रेटिना की जांच, वीपीटी (VPT - न्यूरोपैथी जांच) और





शुगर के लिए एचबीए1सी (HbA1c) टेस्ट। सामान्य एवं अन्य महत्वपूर्ण जांचें: सभी के लिए बोन मिनरल डेंसिटी (BMD) जांच, ब्लड शुगर, लिवर के लिए फाइब्रोस्कैन (फाइबरोस्कैन), दंत परीक्षण (डेंटल चेकअप), त्वचा परीक्षण (स्किन चेकअप) और ब्लड प्रेशर की जांच। 2. स्वास्थ्य जागरूकता सत्र (हेल्थ अवेयरनेस एक्टिविटीज): आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए सीपीआर (CPR) ट्रेनिंग।महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु ब्रेस्ट सेल्फ चेकअप जागरूकता।तनाव मुक्त जीवन के लिए मेंटल हेल्थ टॉक।3. फिटनेस एवं मनोरंजक गतिविधियां (फिटनेस & Fun एक्टिविटीज):सुबह की ऊर्जा के लिए योगा, जुंबा, एरोबिक्स, स्किपिंग और हुला हूप। जागरूकता संदेश देने के लिए नुक्कड़ नाटक और फ्लैश मॉब। बच्चों और युवाओं के लिए 'डायबिटीज' विषय पर आधारित ड्राइंग कॉम्पिटिशन, फन गेम्स और डांस।इस अवसर पर डॉ. प्रहलाद चावला ने इस अनूठे कॉन्सेप्ट की नींव रखने और इसे सफल बनाने के लिए आईएमए की पूर्व अध्यक्ष डॉ. अल्पना कंसल का विशेष आभार व्यक्त किया।

आईएमए ने मीडिया बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे इस जनहितकारी कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि शहरवासी बड़ी संख्या में परिवार सहित पहुंचकर स्वास्थ्य जांचों और फिटनेस गतिविधियों का लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम का विवरण:

दिनांकः 15 नवंबर 2026 (रविवार) समयः प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक

स्थानः सेंट्रल पार्क के सामने वाली रोड, राजनगर, गाजियाबाद

जारीकर्ताः

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (क्टअ), गाजियाबाद

एयरपोर्ट के बाद उद्योगों की बारी

जेवर में 100 एकड़ में फैक्ट्री, 1200 करोड़ का निवेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा (साजिद भाटी)। जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ औद्योगिक विकास की रफ्तार भी तेज हो रही है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-8 में 1200 करोड़ रुपये के निवेश से आधुनिक ट्रैक्टर विनिर्माण प्लांट स्थापित किया जाएगा। सीएनएच इंडस्ट्रियल कंपनी को इसके लिए 100 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से







- **सीएम योगी ने रखी आधारशिला, कृषि मशीनरी निर्माण को मिलेगी मजबूती**
- **सीएनएच लगाएगी आधुनिक ट्रैक्टर प्लांट, 1200 लोगों के लिए खुलेंगे रोजगार के अवसर**
- **15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर, 7.5 लाख करोड़ के प्रस्ताव जल्द होंगे साकार: सीएम योगी**

परियोजना की आधारशिला रखी। इस प्लांट से करीब 1200 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इसके साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

एयरपोर्ट के साथ औद्योगिक हब के रूप में उभरेगा जेवर

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर आज भारत में निवेश के प्रमुख गंतव्यों में शामिल हो चुका है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और यीडा क्षेत्र में विकसित हो रही औद्योगिक परियोजनाओं से यह पूरा इलाका बड़े औद्योगिक, आर्थिक और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होगा। यहां एचसीएल-फॉक्सकॉन का सेमीकंडक्टर प्लांट, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, एमएसएमई पार्क और डाटा सेंटर जैसी परियोजनाएं भी आकार ले रही हैं।

ट्रैक्टर बाजार में यूपी की 18.5 फीसदी हिस्सेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएनएच का प्लांट कृषि यंत्रीकरण और आधुनिक विनिर्माण को नई मजबूती देगा। देश के ट्रैक्टर बाजार में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 18.5 प्रतिशत है। इस परियोजना से ट्रैक्टर निर्माण को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कंपनी को परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हरसंभव सहयोग और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतरे

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। आगामी इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाएगी। प्रदेश में फैक्ट्रियों की संख्या 14 हजार से बढ़कर 35 हजार हो गई है, जबकि स्टार्टअप की संख्या 120 से बढ़कर 25 हजार तक पहुंच गई है।

कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कृषि एवं कृषि शिक्षा राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद्र शर्मा, यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह और सीएनएच के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर मौलाना अबुल कलाम आजाद के शैक्षिक योगदान को किया गया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा (एन.जी. वर्मा)। क्षेत्र के दनकौर स्थित श्री द्रोणाचार्य (पी.जी.) कॉलेज में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रख्यात शिक्षाविद् मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती (11 नवम्बर) के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिरीश कुमार वत्स, उप-प्राचार्या एवं IQAC समन्वयक डॉ. रश्मि गुप्ता तथा समस्त प्राध्यापकगण द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में डॉ. राजीव पांडेय उर्फ पिंटू ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा समाज में समानता, जागरूकता एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना एक प्रगतिशील एवं समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए आवश्यक है।

इसके पश्चात डॉ. रश्मि जहां ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक एवं सामाजिक विकास का आधार है। मौलाना अबुल कलाम आजाद के शैक्षिक विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के माध्यम से एक सशक्त, जागरूक एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. गिरीश कुमार वत्स ने अपने संबोधन में मौलाना अबुल कलाम आजाद के भारतीय शिक्षा व्यवस्था के विकास में ऐतिहासिक एवं अतुलनीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आजाद जी स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में आधुनिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने देश में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दूरदर्शी पहल की। उन्होंने IIT खड़गपुर की स्थापना (1951), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के विकास एवं 1953 में इसके औपचारिक शुभारंभ तथा अखिल भारतीय तकनीकी



शिक्षा परिषद (AICTE) के माध्यम से तकनीकी शिक्षा के समन्वित विकास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी बताया कि आजाद जी ने देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अनुसंधान की संस्कृति को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साहित्य, कला एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी और ललित कला अकादमी जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं के विकास में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राचार्य ने कहा कि मौलाना आजाद का मानना था कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है और प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिलना चाहिए। उनके दूरदर्शी विचार आज भी भारतीय शिक्षा व्यवस्था को दिशा प्रदान करते हैं तथा विकसित, आत्मनिर्भर एवं ज्ञान आधारित भारत के निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम के दौरान मौलाना आजाद के प्रेरणादायी जीवन, उनके शैक्षिक दर्शन तथा भारतीय शिक्षा व्यवस्था के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने समान शैक्षिक अवसरों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

10 प्रतिशत प्लॉट के लिए शासन तक पहुंचा किसानों का आंदोलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। किसानों के 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट की मांग को लेकर किसान संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल 13 नवंबर को लखनऊ में औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं आईआईडीसी आलोक कुमार सिंह से वार्ता करेगा। इसमें एसआईटी, नए भूमि अधिग्रहण कानून का लाभ, आबादी के लंबित प्रकरण और किसानों से जुड़े अन्य मुद्दे भी उठाए जाएंगे।

- **अपर मुख्य सचिव से मिलकर एसआईटी और भूमि अधिग्रहण का मुद्दा उठाएगा मोर्चा**

किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण प्रधान ने बताया कि यह वार्ता 28 अक्टूबर को प्राधिकरण अधिकारियों के साथ हुई बातचीत में तय हुई थी। मांगों को लेकर 17 जुलाई, 17 अगस्त और सितंबर में आंदोलन किया गया। 21 अक्टूबर को भी किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा और किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। डॉ. वर्मा ने जनप्रतिनिधियों पर किसानों के मुद्दे शासन के सामने मजबूती से नहीं उठाने का आरोप लगाया। मोर्चा ने कहा कि केवल आश्वासन नहीं, मांगों का ठोस समाधान चाहिए।

जीएसटी जमा करने में कारोबारियों ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर के कारोबारियों ने जीएसटी जमा करने में अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जिले में अक्तूबर 2026 के दौरान 1432.47 करोड़ रुपये का जीएसटी जमा हुआ,

- **अक्तूबर में 1432.47 करोड़ रुपये का राजस्व जमा, पिछले साल के मुकाबले 43.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

जबकि पिछले साल इसी महीने में 1000.71 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था। इस तरह जिले के जीएसटी संग्रह में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को राजस्व बढ़ने की प्रमुख वजह माना जा रहा है। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, आईटी, सॉफ्टवेयर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां कारोबार कर



रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में भी यह इलाका तेजी से अपनी पहचान बना रहा है।राज्य जीएसटी विभाग के अनुसार, नई कंपनियों के पंजीकरण और औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोतरी से कर संग्रह को मजबूती मिली है। इसके अलावा ऑनलाइन कर प्रणाली और डाटा विश्लेषण की मदद से कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है।

अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-वन, गौतमबुद्ध नगर जोन परीक्षित खटाना ने बताया कि जिला जीएसटी राजस्व के मामले में लगातार नए कीर्तिमान बना रहा है। विभाग कारोबारियों को जीएसटी पंजीकरण के फायदे और पारदर्शी तरीके से कारोबार करने के लिए जागरूक कर रहा है।

मकान का ताला तोड़कर नकदी-जेवरात चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दादरी। कोतवाली क्षेत्र की सूरज विहार कॉलोनी में बदमाश एक मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए। घटना के समय परिवार दीवाली मनाने अपने पैतृक गांव बुलंदशहर गया हुआ था। बुधवार को घर लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस के अनुसार प्रीति ने शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ सूरज विहार कॉलोनी में रहती हैं। दीवाली पर परिवार के साथ गांव गई थीं। इसी दौरान बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कोतवाली प्रभारी के अनुसार, घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

दिल्ली-खुर्जा नमो भारत ट्रेन को जल्द मिले मंजूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। दादरी आर्य प्रतिनिधि सभा ने दिल्ली और खुर्जा के बीच प्रस्तावित नमो भारत ट्रेन को शीघ्र मंजूरी देने की मांग की है। सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. आनंद आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने मेट्रो का विस्तार ग्रेनो वेस्ट तक करने को मंजूरी दी है। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसी तरह दिल्ली-खुर्जा नमो भारत ट्रेन परियोजना को भी जनहित में जल्द मंजूरी दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली-मेरठ नमो भारत ट्रेन के संचालन के समय अन्य मार्गों पर भी ट्रेन चलाने की घोषणा की गई थी। इनमें दिल्ली-खुर्जा मार्ग भी शामिल है।

बीटा के टूटे सर्विस मार्गों की जल्द होगी मरम्मत, प्राधिकरण के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-5 के अधिकारियों ने गुरुवार को सेक्टर बीटा-1 का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्विस मार्ग, आंतरिक सड़कों और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी गई। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने भी सेक्टर की समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

वर्क सर्किल-5 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर बीटा-1 और बीटा-2 सहित अन्य सेक्टरों के क्षतिग्रस्त सर्विस मार्गों की मरम्मत जल्द शुरू कराई जाएगी। मुख्य सड़क को चौड़ा करने का काम भी योजना में शामिल है।

ग्रैप की पाबंदियां समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। सेक्टर के बाहर सामने आई कुछ समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि परियोजना विभाग से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

घाटों पर नहीं होनी चाहिए कोई चूक, ईओ ने परखी व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दादरी। छठ महापर्व को लेकर नगर पालिका परिषद दादरी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को अधिशासी अधिकारी

- **साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल और सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा, पर्व से पहले तैयारियां पूरी करने को कहा**

शालिनी गुप्ता ने पालिका टीम के साथ क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग और समतलीकरण के कार्यों का जायजा लिया। अधिशासी



अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्व से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने घाटों के आसपास सफाई रखने, गहरे पानी की ओर सुरक्षा घेरा बनाने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान वार्ड-16 के सभासद आदेश भाटी (टोनी), अवर अभियंता जयपाल, तकनीकी सहायक उत्कर्ष सिंह तोमर, अरुण कुमार, सोहराब और सोबीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव भी दिए।

छठ घाटों पर तैयारी पूरी, सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। पर्व

- **नोएडा में 120 फीट तक लंबे घाट तैयार, चेंजिंग रूम और सीसीटीवी से होगी निगरानी**
- **आज नहाय-खाय से शुरू होगा चार दिवसीय महापर्व**

को लेकर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में बने छठ घाटों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रमुख घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस भी मुस्तैद रहेगी। गुरुवार को बाजारों में पूजा सामग्री और फलों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।



प्रमुख घाटों पर विशेष इंतजाम

सेक्टर-21 स्थित नोएडा स्टेडियम में प्रवासी महासंघ की ओर से करीब 120 फीट लंबा और 60 फीट चौड़ा घाट बनाया जा रहा है। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिलेश रॉय के मुताबिक, महिलाओं के लिए 10 से 12 चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। घाट के आसपास करीब 20 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सेक्टर-62 रामलीला मैदान में आदर्श छठ पूजा समिति की ओर से 200 फीट लंबा और 30 फीट चौड़ा घाट तैयार किया जा रहा है। यहां महिलाओं के लिए चार चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं। सेक्टर-91 के मेडिसिनल पार्क और सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क समेत अन्य स्थानों पर भी तैयारियां चल रही हैं।

पुलिस ने बनाई सुरक्षा योजना

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर सेंट्रल नोएडा के डीसीपी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह और एडीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने गुरुवार को एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों को घाटों का निरीक्षण करने, आयोजकों से समन्वय बनाने और पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए भी कहा गया है।

चार दिन चलेगा पर्व

शुक्रवार को नहाय-खाय, शनिवार को खरना, रविवार शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य और सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद व्रती पारण करेंगे। बाजारों में पूजा सामग्री की टोकरी तैयार कराने में औसतन 400 से 500 रुपये खर्च हो रहे हैं। गन्ना करीब 80 रुपये प्रति पीस बिक रहा है।

रेरा बकाये की वसूली के लिए प्रशासन की सख्ती

77.66 करोड़ का बकाया, 3 बिल्डर निदेशक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। रेरा का 77 करोड़ 66 लाख रुपये से अधिक का बकाया जमा नहीं करने पर गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने 3 बिल्डर निदेशकों को गिरफ्तार किया है। जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर गुरुवार को दादरी तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए तीनों निदेशकों को एसडीएम के समक्ष पेश किया गया।

बकाया जमा नहीं करने और पर्याप्त प्रतिभूति उपलब्ध नहीं कराने पर एसडीएम ने उन्हें अधिकतम 15 दिन तक हिरासत में रखने के आदेश दिए। इसके बाद तीनों को जिला कारागार भेज दिया गया।

- **डीएम मेधा रूपम के निर्देश पर दादरी प्रशासन की कार्रवाई**
- **अंसल हाईटेक टाउनशिप्स और उत्तम स्टील्स से जुड़े हैं तीनों निदेशक**

दो कंपनियों से जुड़ा है मामला

गिरफ्तार निदेशकों की पहचान श्री राम, मोहम्मद अलीम और तस्लीम सिद्दीकी के रूप में हुई है। तीनों अंसल हाईटेक टाउनशिप्स लिमिटेड और उत्तम स्टील्स एसोसिएट्स लिमिटेड से जुड़े हैं। इन कंपनियों पर रेरा की बकाया धनराशि की वसूली के लिए प्रशासन पहले भी कई बार नोटिस जारी कर चुका था। अधिकारियों की टीम कंपनियों के कार्यालयों पर पहुंचकर भुगतान के लिए मुनादी भी करा चुकी थी। इसके बावजूद बकाया जमा नहीं किया गया।

नोटिस के बाद कार्रवाई

भुगतान नहीं होने पर प्रशासन ने संबंधित कंपनियों के कार्यालय सील करने की कार्रवाई भी की थी। लगातार नोटिस और कार्रवाई के बावजूद बकाया नहीं मिलने पर अब तीन निदेशकों को गिरफ्तार किया गया है। जिला प्रशासन ने बकायेदारों के खिलाफ वसूली अभियान जारी रखने की बात कही है।

कार्रवाई

ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई

प्रदूषण फैलाने वाले 541 वाहनों पर कार्रवाई, 53 लाख जुर्माना वसूला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू होने के बाद परिवहन विभाग ने नियमों का

- **अक्टूबर में 266 पुराने पेट्रोल वाहन जब्त**
- **बिना पीयूसी के 142 और ओवरलोडिंग के 116 वाहनों के चालान काटे**

उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने अक्टूबर में 541 वाहनों के चालान कर 52.93 लाख रुपये का जुर्माना वसूला। इनमें बिना प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) के चलने वाले वाहन, ओवरलोड वाहन और प्रतिबंधित पुराने पेट्रोल वाहन शामिल हैं।

परिवहन विभाग के अनुसार, एक अप्रैल से 31 अक्टूबर तक कुल 5059 वाहनों के चालान किए गए। इनमें अक्टूबर में बिना पीयूसी के चल रहे 142 वाहनों पर कार्रवाई कर 14.30 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, ओवरलोडिंग के मामले में 116 वाहनों के चालान कर 38.56 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

266 पुराने पेट्रोल वाहन किए जब्त

प्रदूषण फैलाने वाले प्रतिबंधित 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। अक्टूबर में ऐसे 266 वाहनों के चालान कर सभी को जब्त किया गया।



इसके अलावा 10 वर्ष पुराने छह डीजल वाहनों को भी बंद कराया गया। बिना ढके निर्माण सामग्री ले जाने वाले 11 वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

अप्रैल से अक्टूबर तक विभाग ने कुल 1069.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जिसमें से 555.30 लाख रुपये की वसूली की गई। इस अवधि में 2794 बिना पीयूसी वाले, 1357 ओवरलोड और 756 पुराने पेट्रोल वाहनों के चालान किए गए।

एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडेय ने बताया कि प्रतिबंधित और मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों से भी ऐसे वाहनों की सूचना विभाग को देने की अपील की गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

बीच सड़क पर स्कूटी सवार से मारपीट, नोएडा सिटी सेंटर कट के पास की घटना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने स्कूटी सवार युवक को रोककर मारपीट की। आरोपियों ने उसकी स्कूटी में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-35 के मोरना गांव निवासी शेरुद्दीन ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा दानिश जर्राह है और लोगों की मरहम-पट्टी करने का काम करता है। 10 नवंबर की शाम नोएडा सिटी सेंटर कट के पास कुछ लोगों ने दानिश के साथ मारपीट की। इसकी सूचना उसके दोस्त ने उन्हें दी। मौके पर पहुंचे तो



- **जान से मारने की धमकी देकर फरार हुए आरोपी**

दानिश लहूलुहान हालत में सड़क किनारे पड़ा था। उसकी स्कूटी भी क्षतिग्रस्त मिली। दानिश और आसपास के लोगों ने बताया कि अज्ञात लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रठौंडा चौकी पर चौकी प्रभारी अनिल शर्मा ने की जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मिलक। एसपी के निर्देशन में जनपद भर में जनसुनवाई अभियान चलाया जा रहा है। रठौंडा चौकी पर चौकी प्रभारी अनिल शर्मा ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस की ओर से फरियादियों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया गया।इस पहल का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का प्रभावी समाधान कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है।



समस्याएं सुनते चौकी प्रभारी

त्योहार बीते, फिर बेपटरी हुई शहर की यातायात व्यवस्था, बाजारों में लगने लगा जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। त्योहारों के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात पुलिस ने काफी प्रयास किए थे। बाजारों में ई-रिक्शाओं के प्रवेश और यातायात को नियंत्रित करने के लिए व्यवस्थाएं लागू की गई थीं, जिससे लोगों को जाम से कुछ राहत मिली थी। लेकिन त्योहार समाप्त होते ही यातायात व्यवस्था एक बार फिर बेपटरी होती नजर आ रही है। शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति बनने से खरीदारी के लिए पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। त्योहार के दौरान नियंत्रित की गई ई-रिक्शाओं की आवाजाही अब फिर से बाजारों में बढ़ गई है। बड़ी संख्या में ई-रिक्शा बाजारों की संकरी सड़कों और मुख्य मार्गों पर पहुंच रहे हैं।

बाजारों में दोबारा पहुंची ई-रिक्शाओं ने बढ़ाई परेशानी, अतिक्रमण भी बना जाम का बड़ा कारण

इसके चलते कई स्थानों पर वाहनों की रफ्तार थम जाती है और राहगीरों को भी निकलने में दिक्कत होती है। हालात यह हैं कि बाजारों में सुबह से शाम तक रुक-रुककर जाम लगता रहता है। वहीं, शहर के प्रमुख बाजारों में दुकानों के बाहर सामान फैलाने और सड़क किनारे ठेले-खोमचे लगने से भी सड़कें संकरी हो गई हैं। अतिक्रमण के कारण वाहनों के निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती, जिससे ई-रिक्शा और अन्य वाहनों के आमने-सामने आने पर जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहार के समय यातायात पुलिस की सक्रियता से व्यवस्था में सुधार दिखाई दिया था, लेकिन अब निगरानी कम होते ही पुराने हालात लौट आए हैं। लोगों ने बाजारों में ई-रिक्शाओं के प्रवेश पर नियंत्रण के साथ अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाने और यातायात पुलिस की प्रभावी तैनाती की मांग की है। इससे बाजारों में आने वाले लोगों को जाम से राहत मिल सकेगी।

संक्षिप्त समाचार

किशोरी को घर से ले जाने का आरोप, पिता ने कोतवाली में दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को घर से जबरन ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने गांव के ही एक युवक और उसके दो अन्य साथियों पर घर में घुसकर बेटी को जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, पीड़ित पिता का आरोप है कि करीब चार वर्ष पहले उसकी नाबालिग बेटी के साथ गांव के एक युवक ने दुष्कर्म किया था। इस संबंध में मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि मुकदमा वापस लेने और समझौता करने का दबाव बनाते हुए युवक और उसके पिता आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहे थे।11 नवंबर को दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी पत्नी के साथ खेत पर गया था। इसी दौरान बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है कि युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ घर में घुसा और किशोरी को जबरन अपने साथ ले गया।पिता ने तहरीर में यह भी बताया कि किशोरी घर से करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और चांदी के दो सामान भी अपने साथ ले गई है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर बेटी को सकुशल बरामद कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

मिलक में 16 और 17 नवंबर को लगेगा निशुल्क नेत्र शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मिलक। गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामपुर डिस्ट्रिक्ट आई रिलीफ सोसायटी एवं डालमिया आई हॉस्पिटल की ओर से मिलक में 16 और 17 नवंबर 2026 को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर गन्ना समिति परिसर मिलक में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लगाया जाएगा। मरीजों की आंखों की जांच के साथ आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।शिविर में जांच के दौरान मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों का आईओएल ऑपरेशन बिना टांके के फैको मशीन द्वारा डॉ. विक्रम लाल करेंगे।चयनित मरीजों को अस्पताल की गाड़ी से डालमिया आई हॉस्पिटल रामपुर ले जाया जाएगा। उनके ऑपरेशन पूरी तरह निशुल्क किए जाएंगे। ऑपरेशन के बाद मरीजों को दवाइयां और चश्मा भी मुफ्त दिया जाएगा।चिकित्सा निदेशक डॉ. के. लाल ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य गरीब और बुजुर्ग लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।क्षेत्रीय लोगों से शिविर के आयोजन में सहयोग करने और अधिक से अधिक जरूरत मंद लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस निशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकें।

महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धमोरा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए मिशन शक्ति फेज-6 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना शहजादनगर की महिला सुरक्षा दल ने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।अभियान के दौरान महिला संबंधी अपराधों, सुरक्षा के उपायों, विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं के प्रति जागरूक करते हुए इनके दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया।महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं और बालिकाओं से किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न होने पर बिना संकोच पुलिस को सूचना देने की अपील की। पुलिस का उद्देश्य मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है।

चमरौआ चौकी पर दरोगा ने सुनी शिकायतें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मिलक। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों और चौकियों पर जनसुनवाई अभियान चलाया जा रहा है। चमरौआ चौकी पर चौकी प्रभारी अतिशय जैन ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराने पर जोर दिया गया।चौकी प्रभारी ने फरियादियों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। पुलिस का उद्देश्य जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है।

जिले में 2051 मतदेय स्थल एवं 1095 मतदान केंद्र निर्धारित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के समस्त मतदेय स्थलों को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। आयोग के अनुमोदन के उपरांत मतदेय स्थलों की सूची विधानसभा क्षेत्रवार जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

विधानसभा क्षेत्रवार मतदेय स्थल एवं मतदान केन्द्रों का विवरण

34-स्वार- 383 मतदेय स्थल एवं 190 मतदान केंद्र

35-चमरौवा- 376 मतदेय स्थल एवं 217 मतदान केंद्र



बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते डीएम

36-बिलासपुर- 432 मतदेय स्थल एवं 266 मतदान केंद्र

37-रामपुर 409 मतदेय स्थल एवं 165 मतदान केंद्र

38-मिलक (अ.जा.) 451 मतदेय स्थल एवं 257 मतदान केंद्र

जनपद में कुल 2051 मतदेय स्थल एवं 1095 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।बैठक में मतदेय स्थलों की अनुमोदित सूची जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई गई। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रति उपलब्ध कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में अर्ह एवं छूटे हुए मतदाताओं के फार्म-6 भर वाने में सहयोग करने की अपील की गई।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम शामिल होना आवश्यक है। इसके लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपेक्षा की गई।

ड की बैठक के लिए प्रस्ताव न देने पर पालिकाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना खानम ने पालिका के समस्त विभागध्यक्ष, लेखाकार और कार्यालय अधीक्षक से कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी को निर्देशित किया है कि

पालिका के समस्त विभागाध्यक्ष, लेखाकार, कार्यालय अधीक्षक को किया निर्देशित

लिखित एवं मौखिक रूप से अनुरोध करने के बाद भी विभाग के प्रस्ताव जो आगामी बोर्ड बैठक में स्वीकृति एवं अनुमोदनार्थ किए जाने के अधिकतर विभाग के द्वारा अभी उपलब्ध नहीं कराए गए है जोकि उचित नहीं हैं। इसलिए उन्होंने सभी से कहा है कि अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों के प्रस्ताव जो बोर्ड में स्वीकृति एवं अनुमोदन किए जाने है तीन दिन के भीतर एजेंडा लिपिक को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी को चेतावनी दी है कि इसके बाद भी प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराए जाते है तथा जिसके कारण बोर्ड बैठक आहूत किए जाने में अनावश्यक विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर काप्रवाई की जाएगी। जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित का होगा।



सना खानम, पालिकाध्यक्ष।

भैया दूज मनाकर लौट रहे एक भट्टा मजदूर की बाइक को कार ने पीछे से टक्कर मारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर। भैया दूज मनाकर लौट रहे एक भट्टा मजदूर की बाइक को कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। वहीं, हाईवे पर हुए एक अन्य हादसे में बाइक पर सवार दो भाई कार से टकराकर घायल हो गए।

बुधवार रात नवाबगंज रोड पर कादरी गंज के पास एक बाइक को पीछे से आ रही मारुति कार ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई।दुर्घटना में सरबन सिंह (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।सरबन सिंह ने बताया कि वे मुरादाबाद के मूंढापांडे थाने के हसनगंज गांव के रहने वाले हैं। लेकिन इन दिनों महतोष स्थित एक भट्टे पर रहकर वहीं मजदूरी करते हैं। खूंटाखेड़ा गांव में उनके भाई सूरजपाल रहते हैं, जहां भैया दूज पर उनकी बहन आई हुई थीं। वे अपनी बहन से टीका कर वाने के बाद रात में वापस भट्टे पर जा रहे थे।सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. ओमपाल ने बताया कि मरीज के सिर, कंधे, हाथ व पैर में चोटें आई हैं। बेहतर इलाज के लिए सरबन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।दूसरी दुर्घटना हाईवे पर जीरो प्वाइंट से आगे एक ढाबे के पास हुई। भोट थाने के जिठनिया शर्की गांव निवासी दो भाई मनोज (25) व राजेंद्र (20) रुद्रपुर (उत्तराखंड) से अपने घर आ रहे थे। आगे जा रही कार द्वारा अचानक ब्रेक लगाने पर उनकी बाइक इस कार में पीछे से टकरा गई और वे दोनों घायल हो गए।

आज जारी हो सकती है बेसिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। बेसिक शिक्षकों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को अलग-अलग शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी से मुलाकात की। वार्ता के दौरान बीएसए ने बताया कि शिक्षकों की अनन्तिम वरिष्ठता सूची तैयार है। शुक्रवार को पदोन्नति समिति की बैठक में इसे जारी कर दिया जाएगा। सूची पर 18 नवंबर तक आपत्तियां लेने का प्रस्ताव है। इसके बाद शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बेसिक शिक्षकों को भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं और योजनाओं का लाभ दिलाने का मुद्दा भी उठाया। इस पर बीएसए ने बताया कि शुक्रवार को वित्त एवं लेखाधिकारी को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। इच्छुक शिक्षकों को जल्द ही भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से वेतन भुगतान की सुविधा उपलब्ध

18 नवंबर तक ली जाएगी आपत्तियां, पदोन्नति समेत शिक्षकों की अन्य समस्याओं पर बीएसए से हुई वार्ता

कराने का प्रयास किया जाएगा। वार्ता में बहाली पोर्टल के कथित दुरु पयोग का मामला भी उठाया गया। शिक्षक संगठनों ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में शिक्षकों को निर्दोष होने के बावजूद दोषी ठहराकर दंडित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें दूरस्थ ब्लॉकों में बहाल करने और वेतन रोकने जैसी कार्रवाई पर नाराजगी जताई। संगठनों ने निलंबित शिक्षकों को उनके प्रकरण से संबंधित सभी अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि वे अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रख सकें।इसके अलावा दीपावली के पर्व पर अक्टूबर माह में 50 से अधिक शिक्षकों का वेतन रोके जाने पर भी विरोध जताया गया। शिक्षक नेताओं ने कहा कि वेतन रोकने की कार्रवाई से शिक्षकों और उनके परिवारों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि किसी भी परिस्थिति में शिक्षक का 15 दिन से अधिक का वेतन नहीं रोका जाना चाहिए और आवश्यक जांच एवं कार्रवाई निर्धारित समय में पूरी की जाए।वार्ता में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना, एससी-एसटी वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के डॉ. वसीम अहमद सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर। गुरुवार सुबह श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 557 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकली गई। इसके माध्यम से गुरु के मानवतावादी संदेश नगर में प्रचारित किए गए।

सुबह करीब 5.30 बजे सिख समुदाय के लोग नगर के माठखेड़ा रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एकत्र हुए। वहां नितनेम के पाठ के उपरांत निशान साहिब की अगुवाई में दूसरे दिन की प्रभात फेरी प्रारंभ हुई। फेरी में शामिल समुदाय के लोग सबद-कीर्तन करते और जयकारे लगाते चल रहे थे। बीच-बीच में रुक कर नागरिकों को गुरु के मानवतावादी संदेश बताए गए और आपसी प्रेम, सद्भाव व शांति का आग्रह किया गया।नगर भ्रमण करते हुए प्रभात फेरी माठखेड़ा रोड स्थित देवेंद्र सिंह बाजवा के निवास पर पहुंची। वहां ठहराव कर सबद-कीर्तन किया गया और जलपान भी वितरित किया गया। यहां के बाद फेरी गुरुद्वारे लौट आई और अरदास की गई।

गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान तीरथ सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार से शुरू हुआ प्रभात फेरी का सिलसिला आगामी 22 नवंबर तक चलेगा। 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे गुरुद्वारे से विशाल नगर कीर्तन निकलेगा। 24 नवंबर को गुरुद्वारा परिसर में सुबह 9 बजे से विशाल दीवान सजाया जाएगा। इसमें बाहर से आए जत्थों के सबद-कीर्तन और कथा-प्रवचन होंगे। गुरु का अटूट लंगर भी चलेगा।प्रभात फेरी में डॉ. कुलविंदर सिंह, नवीन कुमार सिंह, स्वरूप सिंह, हरभजन सिंह, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, लखविंदर सिंह, प्यारा सिंह, गोविंद सिंह, गुरमीत सिंह, बलविंदर कौर, परमजीत कौर पोला, मंजीत कौर।

जो बाबरी मस्जिद के नहीं हुए, वो मुसलमानों के कैसे हो सकते हैं: वकी रशीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव वकी रशीद ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के राम मंदिर जाने पर सवाल उठाए हैं। कहा कि जो लोग बाबरी

एआईएमआईएम प्रदेश सचिव ने अखिलेश यादव के राम मंदिर जाने पर साधा निशाना

मस्जिद के नहीं हुए, वे मुसलमानों के कैसे हो सकते हैं। कहा कि वर्ष 2019 में राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के समय अखिलेश यादव मंदिर नहीं गए थे, लेकिन अब आजम खान के जेल जाने के बाद उन्हें राम मंदिर की राह याद आ रही है।वकी रशीद ने कहा कि बाबरी मस्जिद का इतिहास मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद से जुड़ा इतिहास आने वाली पीढ़ियों को भी याद कराया जाएगा। उन्होंने अखिलेश यादव के मंदिर जाने को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कदम राजनीतिक परिस्थितियों के बीच उठाया गया है।एआईएमआईएम नेता ने कहा कि मुसलमानों के मुद्दों पर राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में अंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद से जुड़े घटनाक्रम को मुस्लिम समाज भूला नहीं है और आने वाली पीढ़ियों को भी इसके इतिहास से अवगत कराया जाएगा।



ट्रेन में चोरी किया गया मोबाइल बरामद, गोंडा का आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। रेलवे स्टेशन पर चोरी की घटनाओं की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी रामपुर और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया करीब 15 हजार रुपये कीमत का वीवो मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर चोरी के मामले का पदार्फाश कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी रेलवे विश्वजीत सिंह के पर्यवेक्षण में जीआरपी रामपुर के थानाध्यक्ष ईश्वर चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम प्लेटफार्मों पर गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली। सूचना पर उपनिरीक्षक संदीप कुमार ने जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम के साथ प्लेटफार्म नंबर एक पर मुरादाबाद की ओर अंतिम छोर के

-जीआरपी रामपुर और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने प्लेटफार्म नंबर एक के अंतिम छोर से दबोचा, 15 हजार रुपये कीमत का वीवो मोबाइल बरामद

पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान शिवलू उर्फ आसिफ निवासी बसीर नगर मेवातियान थाना कोतवाली शहर जिला गोंडा के रूप में हुई। उसके कब्जे से हल्के सुनहरे रंग का एक वीवो मोबाइल फोन बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये बताई गई है।

बरामद मोबाइल थाना जीआरपी रामपुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 27/2026 की धारा 305(सी) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ गोंडा के कोतवाली नगर थाने में वर्ष 2023 में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के तहत भी मुकदमा दर्ज है। रामपुर जीआरपी थाने में उसके खिलाफ चोरी और बरामदगी से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष ईश्वर चंद, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र कुमार, विमलेश पाल तथा आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक कुलदीप शर्मा और मुख्य आरक्षी रामसरीख शामिल रहे।

वीडियो वायरल रामगंगा विहार पुलिस चौकी के सामने सजती है शराबियों की महफिल

पुलिस चौकी के सामने शराबियों का जमावड़ा, वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में पुलिस चौकी के सामने स्थित कॉम्प्लेक्स में रोजाना शाम को शराबियों का जमावड़ा लग रहा है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस चौकी नजदीक होने के बावजूद कुछ लोग खुलेआम बाइकों पर बैठकर शराब पीते नजर आते हैं।

स्थानीय दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों का आरोप है कि इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं होने से शराबियों के हौसले बुलंद हैं। शाम के समय यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को होती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वही इस पूरे मामले का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि शराबी खुलेआम जाम छलका रहे हैं।



शराब पीने का हुआ वीडियो वायरल

गुमशुदा बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। थाना टांडा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि 6 वर्षीय बालिका पुत्री मुकर्रम निवासी ग्राम छितरिया जागीर थाना टांडा जो अपने घर से माता के साथ दुकान पर गई थी, वहां से गुम हो गई थी।सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल थाना टांडा द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रकट किया गया।



परिवार के साथ मौजूद बालिका

सीसीटीवी फुटेज एवं संभ्रांत व्यक्तियों की मदद से कस्बा टांडा में मार्केट बाजार में घूम रही बालिका को बरामद कर उसके परिजन को मिशन शक्ति केंद्र थाना टांडा पर बुलाकर उनके सुपुर्द किया।बालिका के सकुशल बरामद होने पर बच्चे के माता-पिता आदि परिवार द्वारा पुलिस की काफी प्रशंसा करते हुए आभार

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com

चार दिन बाद खुला जिला अस्पताल,ओपीडी 810

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। चार दिन बाद जिला अस्पताल के खुलने पर रोगियों की भीड़ उमड़ गई। गुरुवार को 810 रोगियों की ओपीडी हुई। इनमें ज्यादातर खांसी, जुकाम-बुखार और निमोनिया के रोगियों को परामर्श दिया गया।

छोटी दिवाली 7 नवंबर की थी। जबकि बड़ी दिवाली 8 नवंबर को थी। 8 नंवबर से जिला अस्पताल 11 नवंबर तक पूर्ण रूप बंद रहा। 12 नवंबर यानि गुरूवार को जिला अस्पताल खुला। सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक 810 रोगियों को अपने-अपने कक्षों में बैठे चिकित्सकों ने परामर्श दिया। जिससे कि रोगियों को उपचार लेने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। चार दिन बाद जिला अस्पताल के खुलने पर सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने सभी वार्डों और चिकित्सक कक्षों का राउंड लिया। राउंड के दौरान वार्डों में साफ-सफाई और मरीज के नीचे बिछी हुई साफ चादर को देखा। इसके बाद उन्होंने चिकित्सक कक्षों में जाकर ओपीडी के बारे में भी जानकारी ली। सीएमएस ने बताया कि गुरूवार को जिला अस्पताल में 810 रोगियों के पंजीकरण हुए। मौसम में परिवर्तन होने की वजह से लोगों में खांसी-जुकाम और बुखार की शिकायत मिल रही है। सभी से समय से दवा और एहतियात बरतने की जरूरत हैं।

खांसी,जुकाम और बुखार रोगियों को मिली शिकायत

भैया दूज निपटने बाद दूसरे दिन भी ही बसों में भीड़

भैया दूज के बाद अब काम पर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। गुरुवार सुबह से ही बसों में भीड़ दिख रही थी।जिले के सभी स्टेशनों पर ट्रेनों के इंतजार में यात्रियों की भीड़ लगी हुई थी। डग्गामार वाहन भी सुबह से ही सड़कों पर दौड़ने लगे थे। रोजाना अप डाउन करने वाले लोगों की भीड़ रही।धनतेरस से लेकर भैया दूज तक चलने वाला पांच दिवसीय पर्व बुधवार को खत्म हो गया। गुरुवार को भी बसों,ट्रेनों में लौटने वालों की भीड़ रही।भैया दूज पर भाई का तिलक करने के बाद बहनें अपने घर को लौटने लगी।सुबह से ही सड़कों पर वाहनों की भीड़ दिखाई दे रही थी।रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ थी।बसों के आते ही उसमें बैठने के लिए मारामारी मच रही थी।इससे भी यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ट्रेनों में छठ के मौके पर काफी भीड़ दिखाई दी।



जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर खड़े रोगी-तीमारदार।

पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की जल सारथी ऐप पर दें सूचना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान यदि कहीं सड़क क्षतिग्रस्त हुई है और उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है तो ग्रामीण इसकी सूचना जल सारथी ऐप के माध्यम से दे सकते हैं। ऐप पर सड़क की मौके से फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सड़क की पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।जिले में पेयाजलपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने के दौरान करीब 2693 किलोमीटर सड़क खोदी गई, जिसमें से अब तक 2655 किलोमीटर सड़कों की पुनर्स्थापना कराई जा चुकी है। शेष सड़कों को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को पूर्व की स्थिति में बहाल करना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है।

सड़क की क्षतिग्रस्त स्थिति की फोटो-वीडियो अपलोड कर ग्रामीण दर्ज करा सकेंगे शिकायत



रामपुर-स्वार रोड स्थित जल निगम कार्यालय

पुनर्स्थापना कार्यों की गुणवत्ता के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा न हो। अधिशासी अभियंता राम कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन स्थानों पर अभी तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी है, वहां लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की पुनर्स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अनियमितताओं को लेकर पूर्व विधायक ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। विधानसभा क्षेत्र 36-बिलासपुर की प्रक्रिया के उपरांत प्रकाशित मतदाता सूची में सामने आ रही गंभीर विसंगतियों एवं मतदाताओं के नामों के विलोपन को लेकर पूर्व विधायक संजय कपूर के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।



डीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

पूर्व विधायक संजय कपूर ने जिलाधिकारी के समक्ष गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि मतदाता सूची से हटाए नामों की जो सूची प्राप्त हुई है।सैकड़ों-हजारों ऐसे नाम भी शामिल हैं, जो पूर्व में कभी भी संबंधित मतदाता सूची का हिस्सा नहीं रहे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इन लोगों के नाम मूल मतदाता सूची में मौजूद ही नहीं थे, तो उनके नाम विलोपन की सूची में कहां से और किस आधार पर शामिल किए गए। बाकर अली खान, गुरबाज सिंह, रवि टंडन, दुर्गेश मौर्य, अजीव सिंह, नोमान मुमताज खान, साहिर रजा खान मौजूद रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में बरतें पूरी सावधानी, हर पात्र मतदाता का नाम जोड़ने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में पनवड़िया स्थित सद्भावना मण्डप में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को मतदाता सूची को त्रुटिरहित और शुद्ध बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मतदाता सूची में न छूटे कोई पात्र, न जुड़े कोई अपात्र नाम

प्रशिक्षण के दौरान निर्देशित किया कि मतदाता सूची में किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल न किया जाए तथा कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए। उन्होंने बीएलओ को मोबाइल नंबर सहित अपना रजिस्टर अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए।पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा। उन्होंने 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के फोटो, दोनों भाषाओं में नाम, पता, लिंग तथा एक ही मकान में दर्ज मतदाताओं की संख्या का विशेष रूप से सत्या पन किया जाएगा।इसके साथ ही 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान तिथियों के रूप में निर्धारित किया गया है।



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते डीएम

इन तिथियों पर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के आवेदन प्राप्त कर उनका समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए।मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में प्रत्येक स्तर पर सावधानी और पारदर्शिता बरतते हुए पात्र मतदाताओं का नाम शामिल करने तथा सूची को पूर्णतः शुद्ध बनाने के निर्देश दिए।प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी सदर रत्निका श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

सीएम और डीएम ऑफिस का नाम लेकर जान से मारने की धमकी

बुलन्द सदेश ब्यूरो

दढ़ियाल। नगर के एक युवक को फर्जी नंबरों से मुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का अधिकारी बनकर धमकी देने और झूठे मुकदमे में फंसाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

नगर निवासी पीड़ित अजहर अली पुत्र रियासत अली ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव का ही एक व्यक्ति उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि एक मोबाइल नंबर के जरिए अलग-अलग जगहों का अधिकारी बनकर फोन करवा रहा है। फोन करने वाला कभी खुद को लखनऊ सीएम ऑफिस का अधिकारी बताता है और पीड़ित को लखनऊ बुलाने का दबाव बनाता है, तो कभी रामपुर डीएम और एसपी ऑफिस का नाम लेकर पूरे परिवार को उठवाने और जान से मारने की धमकी देता है।

पीड़ित अजहर अली का कहना है कि आरोपी बेहद दबंग और झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है। वह नए-नए नंबरों से फोन करवाकर धमकी दे रहा है कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई, तो वह पीड़ित को किसी बड़े और झूठे कानूनी मुकदमे में फंसा देगा। बार-बार आ रहे इन धमकी भरे फोन कॉल्स के कारण पीड़ित और उसका पूरा परिवार इस समय बेहद डरे और सहमे हुए माहौल में जीने को मजबूर है।

आज सीएमओ कार्यालय में धरना देंगे फार्मासिस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन 18 मांगों को लेकर जनपद के चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट 13 नवंबर यानि आज सीएमओ कार्यालय में धरना देंगे। संघ के जिलाध्यक्ष हरीश चंद्र धोनी ने बताया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उ.प्र. के आह्वान पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट के सभी चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट 18 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें जनपद के सभी चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट आंदोलन में शामिल होंगे।

धरने को लेकर एसोसिएशन ने सीएमओ को भेजा पत्र, तैयार की रणनीति

1 दिवसीय धरना सीएमओ ऑफिस में देंगे। इसके बाद एक ज्ञापन सीएम ओ के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव शासन एवं महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को सौंपा जाएगा। जिला मंत्री दीपक त्यागी ने बताया कि महानिदेशालय द्वारा प्रस्ताव के अनुसार फार्मासिस्ट का पद नाम फामेर्सी अधिकारी, चीफ फार्मासिस्ट का पद चीफ फामेर्सी अधिकारी किया जाए। विशेष कार्यधिकारी फामेर्सी का पद बदलकर सहायक निदेशक फामेर्सी किया जाए। जनपदों के विभिन्न चिकित्सालय में कार्यरत फार्मासिस्टों को जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, सीएमएसडी से औषधियों लाने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाता है न ही वाहन के लिए धनराशि दी जाती है।

दूरदराज के क्षेत्र से संबंधित फार्मासिस्ट स्वयं के खर्चे से स्वयं के वाहन से औषधियों ड्रग वेयर हाउस ले जाते है। ऐसे में ड्रग वेयर हाउस, सीएमएसडी से चिकित्सालयों से औषधियां पहुचाने की सरकारी व्यवस्था की जाए।

द्वितीय चरण में जाति वाले कॉलम में तुरैहा अनुसूचित जाति ही अंकित करें: कमल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। चौकी हजियानी स्थित तुरैहा मछुआ समाज संगठन के मुख्यालय पर समाज के जागरूक व पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा की भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जनगणना के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना कराई जा रही है जिसमें स्व-गणना 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक होगी और उसके उपरान्त जनसंख्या की जनगणना 1 दिसंबर से 4 जनवरी 2027 तक होना है।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

इसी उद्देश्य से आज की बैठक का मुख्य बिन्दु जनगणना ही है। जिला अध्यक्ष ने बताया की इस बार जनगणना में व्यक्तिगत जानकारी के अलावा जाति की भी जनगणना होना है इसलिए तुरैहा मछुआ समाज से सम्बंधित सभी परिवार व स्वजाति समाज अपने जाति वाले कालम में तुरैहा अनुसूचित जाति ही दर्ज कराये। इस अवसर पर संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने कहां की समाज के सभी परिवार 1 दिसंबर से पूर्व ही स्व-गणना कर लीजिए और अपनी जाति तुरैहा अनुसूचित ही दर्ज करके लिखे जिससे समाज की सही पहचान व जनसंख्या पता लगेगी और भविष्य में इसका आर्थिक व राजनीतिक लाभ भी मिल सकेगा।जिस पर सभी उपस्थित समाज के जागरूक साथियों व पदाधिकारियों ने सहमति जताई।बैठक में संगठन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद, जिला कोषाध्यक्ष अर्जुन कुमार, अजय कुमार प्रधान, अरविन्द कुमार, पवन कश्यप, कमल कुमार मुन्ना, अर्जुन सिंह तुरैहा, पप्पू तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, रामकिशोर तुरैहा, धर्म सिंह तुरैहा, रामगोपाल पंडित जी, राजेश कुमार तुरैहा, दिनेश कुमार तुरैहा, राम प्रसाद तुरैहा आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने किया।

संक्षिप्त समाचार

आजम खां की रिहाई के लिए चढ़ाई चादर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



चादर पोशी करने जाते सपा कार्यकर्ता

रामपुर। डासना जेल में बंद पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां की रिहाई को लेकर सपा नेताओं ने अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह पर चादर पेश कर दुआ मांगी। पूर्व दर्ज मंत्री अनिल सागर ने बताया की। साथियों के साथ गत दिनों भैसोडी शरीफ और अजमेर जाकर मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर आजम खां की रिहाई के चादर चढ़ाई और दुआ मांगी। उधर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल ने साथियों के साथ गाजियाबाद जाकर डासना जेल में आजम खां से मुलाकात की।

नहीं हो सकी सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। स्पेशल कोर्ट ओर मजिस्ट्रेट कोर्ट में आजम खां ओर पूर्व विधायक संजय कपूर आदि के मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी। मजिस्ट्रेट कोर्ट में थाना अजीम नगर में 2019 में किसानों की जमीन कब्जाने के आरोप में 27 किसानों ने आजम खान,आले हसन,विधायक नसीर अहमद खां,अब्दुल्ला आजम खां आदि के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए थे जोकि मजिस्ट्रेट कोर्ट में विचाराधीन है। राजीव अग्रवाल एडवोकेट के निधन के कारण वकीलों ने शोक सभा के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब 25 नवंबर को होगी। सेशन कोर्ट कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय कपूर, मुती उर्रहमान बब्लू, मामून शाह खां, नोमान खां आदि की अपील पर भी सुनवाई नहीं हो सकी।

नरपत नगर से वारंटी गिरफ्तार, स्वार पुलिस ने घर से दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मसवासी। न्यायालय से जारी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वार पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से दबोचकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान रिहान उर्फ बब्लू पुत्र ईदू खां निवासी नरपत नगर, थाना स्वार के रूप में हुई है।आरोपी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।गुरुवार को पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आदर्श कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार और हेड कांस्टेबल गुलाब सिंह शामिल रहे।

दढ़ियाल में ईओ ने किया वार्डो का किया निरीक्षण

बुलन्द सदेश ब्यूरो

दढ़ियाल। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को अधिशासी अधिकारी (ईओ) मनोज कुमार ने सभी वार्डों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जमीनी हकीकत परखी और जहां भी कमियां पाई गईं, उनके त्वरित सुधार के लिए संबंधित वार्ड सदस्यों के साथ संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में ईओ ने नगर में संचालित डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान का भी जायजा लिया।



निरीक्षण करते ईओ

इसके साथ ही उन्होंने मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर पर कूड़ा निस्तारण की क्षमता और मात्रा बढ़ाने को लेकर संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया।मौके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों से बातचीत करते हुए अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि नगर पंचायत दढ़ियाल को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मचारियों को नालों की सफाई करते समय कचरे के उचित प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा कचरा ढोने के लिए हाथ ठेलों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त, नगर पंचायत प्रशासन ने आम नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की है। नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने घरों में दो डस्टबिन (कूड़ेदान) रखें, जिससे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जा सके और उसे केवल नगर पंचायत के कूड़ा वाहनों में ही डालें। इस दौरान वार्ड नंबर 4 के सभासद प्रतिनिधि सलीम कुरैशी, वार्ड नंबर 2 के सभासद प्रतिनिधि शाहनवाज खान,नदीश खान, अमजद मुल्ला, वार्ड नंबर 14 के सभासद रहीश,अकबर अली ,आदि मौजूद रहे।

कैमरा हुए सही अल्ट्रासाउंड, बाल रोग विशेषज्ञ और जनरल ओपीडी के कराए कैमरे सही

जिला अस्पताल के लंबे समय से बंद खराब कैमरों को कराया सही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जिला अस्पताल में लंबे समय से खराब सीसीटीवी कैमरों को सही कराया। जिससे कि कक्षों की हर गतिविधि पर ध्यान रखा जाए। चार दिन के बाद अस्पताल के खुलने पर खराब कैमरों को सही कराया गया।

गुरुवार को जिला अस्पताल के खुलने पर कमरा नंबर 100, कमरा नंबर 11 और कमरा नंबर 3 में लगे सीसीटीवी कैमरों को दिखवाया गया।जिससे कि उसको सही कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने अपने सामने खराब कैमरों को सही कराया। कमरा नंबर 10 रेडियोलॉजिस्ट कक्ष, कमरा नंबर 11 बाल रोग विशेषज्ञ और कमरा नंबर 3 जनरल ओपीडी में बंद पड़े कैमरों को सही कराया। जानकारी में आया है कि इन सभी कक्षों के लंबे समय से कैमरे बंद थे। सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल में तीन कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सही करा दिया गया है।



जिला अस्पताल।

डीएम के जनता दर्शन में दिव्यांग छात्र को मिला सहारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जनता दर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंचे 80 प्रतिशत दिव्यांग बीकॉम छात्र यश शर्मा के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की संवेदनशील पहल नई उम्मीद लेकर आई। जिलाधिकारी के निर्देश पर छात्र को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे अब उसके लिए कॉलेज आने-जाने की राह आसान हो सकेगी।

मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से आसान होगी पढ़ाई की राह

तहसील सदर क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी निवासी यश शर्मा बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र हैं। विगत दिवस वह अपनी समस्या लेकर जनता दर्शन में जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे थे। उन्होंने बताया था कि दिव्यांगता के कारण उन्हें कॉलेज आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आवागमन की परेशानी के कारण उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। छात्र की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने यश शर्मा को अपने हाथों से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की। ट्राईसाइकिल मिलते ही छात्र के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी।मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से अब यश शर्मा को कॉलेज आने-जाने में सुविधा होगी और वह अधिक आत्मनिर्भर होकर अपनी पढ़ाई को सुचारु रूप से जारी रख सकेंगे। जनता दर्शन में समस्या के त्वरित समाधान की इस पहल ने एक बार फिर प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली को सामने रखा।



छात्र को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल देते डीएम

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय


देश में अशांति का माहौल



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

मुंह मोड़ लेने से वो ठोस हकीकतें नहीं बदल जाएंगी, जिस कारण देश में अशांति का माहौल बना है। अतः बेहतर यह होगा कि सत्ता पक्ष आंदोलनकारियों से संवाद बनाते हुए उनका भरोसा हासिल करे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने विजय दशमी पर जो कहा, उसका सार है कि भारत के खिलाफ कोई बड़ी साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि कुछ "दानवी शक्तियां" भारत, हिंदुओं, और आरएसएस को विघटित करने की कोशिश में हैं। फ्रांस, अल्बानिया, नेपाल, बांग्लादेश आदि में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि इनके पीछे जो शक्तियां मौजूद रही हैं, उनके निशाने पर भारत भी है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन अंदाजा लगाया गया है कि उनके निशाने पर 'कॉकरोचइ आंदोलन से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन थे। इसी अवसर पर प्रधानमंत्री ने भी "देश के शत्रुओं" की बात की। नरेंद्र मोदी ने उन लोगों या ताकतों को "देश का दुश्मन" बताया, जो "देश के सम्मान को नुकसान पहुंचाते हैं, समाज को बांटते हैं और भारतीय संस्कृति से घृणा करते हैं।" स्पष्टतः संघ प्रमुख और प्रधानमंत्री दोनों इस समय विभिन्न जन समूहों- खासकर नौजवानों के जाहिर हो रहे असंतोष को वैध असहमति या विरोध प्रदर्शन के रूप में नहीं देखते। वे इसे 'भारत के विकासइ के खिलाफ किसी षड्यंत्र का हिस्सा मानते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि सरकार ने विरोध प्रदर्शनों के प्रति दमनकारी तरीके क्यों अपना रखे है। यह रुख इस हद तक है कि संयुक्त राष्ट्र के मानव अधिकार विशेषज्ञों की एक टीम ने 'निहत्थे छात्रों के खिलाफइ बल प्रयोग को 'परेशान करने वाली कार्रवाईइ बताया है। संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद के इस बयान में हाल में सात हजार से ज्यादा नौजवानों, पत्रकारों, वकीलों, राजनीतिक दलों एवं अन्य संगठनों के सदस्यों को हिरासत में लिए जाने और उनके फोन से प्रतिरोध संबंधी सामग्रियां डिलीट किए जाने की कथित "चिंताजनक" घटनाओं का जिक्र किया गया है। जाहिर है, सत्ता पक्ष जो तस्वीर पेश करना चाहता है, उसके अपने दायरे के बाहर उसकी कहीं सहज स्वीकृति नहीं है। उसे समझना चाहिए कि मुंह मोड़ लेने से वो ठोस हकीकतें नहीं बदल जाएंगी, जिस कारण देश में अशांति का माहौल बना हुआ है। अतः बेहतर नजरिया यह होगा कि सरकार आंदोलनकारियों से संवाद बनाते हुए उनका भरोसा हासिल करे।




छठ पूजा : आस्था समर्पण और लोक संस्कृति का महापर्व



कांतिलाल मांडोत

छठ पूजा भारत की प्राचीन धार्मिक परंपराओं और लोक आस्था का ऐसा अनुपम पर्व है, जिसमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, सूर्य उपासना, अनुशासन, पवित्रता और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना एक साथ दिखाई देती है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस जीवनदृष्टि का प्रतीक है, जिसमें सूर्य को जीवन का आधार और जल को प्रकृति का अमूल्य उपहार माना गया है। देश के लगभग हर राज्य में छठ पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाती है। हालांकि बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसकी विशेष परंपरा रही है, लेकिन आज यह पर्व देश की सीमाओं से निकलकर राष्ट्रीय पहचान बना चुका है। गुजरात में भी विशेषकर उत्तर गुजरात के प्रवासी समाज के बीच छठ पूजा का विशिष्ट स्थान है।

छठ पर्व की सबसे बड़ी विशेषता छठव्रतियों का कठोर अनुशासन, अटूट विश्वास और अद्भुत समर्पण है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व नहाय-खाय से आरंभ होता है। इसके बाद खरना का विधान होता है। तीसरे दिन व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं और अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करते हैं। इस दौरान व्रती पूरी श्रद्धा, पवित्रता और नियमों का पालन करते हैं। कई श्रद्धालु निर्जला उपवास रखकर सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना करते हैं। उनकी यह साधना भारतीय नारी शक्ति, मातृत्व, त्याग और आत्मबल का प्रेरणादायक उदाहरण है। परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और समाज के कल्याण की भावना इस पर्व को और भी विशिष्ट बनाती है। सूरत जैसे औद्योगिक महानगर में छठ पूजा का उत्साह देखते ही बनता है। वस्त्र उद्योग, हीरा उद्योग, व्यापार, निर्माण क्षेत्र और विभिन्न रोजगारों से जुड़े बिहार, झारखंड तथा पूर्वांचल के लाखों लोग सूरत में रहते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में श्रमिक और व्यवसायी परिवार छठ पूजा मनाने के लिए अपने वतन लौटते हैं। त्योहार के अवसर पर रेलगाड़ियों और बसों में यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। अपने गांव, परिवार और पुश्तैनी परंपराओं के बीच छठ मनाने की इच्छा उन्हें हजारों किलोमीटर की यात्रा करने के लिए प्रेरित करती है। उनके लिए छठ पूजा केवल त्योहार नहीं, बल्कि अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति और पारिवारिक जड़ों से जुड़ने का अवसर है। हालांकि सभी लोग अपने गृह प्रदेश नहीं जा पाते। रोजगार, कारोबार और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अनेक परिवार गुजरात में ही रहकर छठ पूजा मनाते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए सूरत में विभिन्न स्थानों पर छठ पूजा के घाट सजाए जा रहे हैं। बिहार विकास परिषद हर वर्ष छठव्रतियों के लिए घाटों की व्यवस्था करती है। परिषद के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूजा स्थलों को तैयार करने में जुटते हैं। घाटों की सजावट, साफ-सफाई और धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रवासी समाज ने अपनी संस्कृति को नई भूमि पर भी पूरी जीवंतता के साथ सुरक्षित रखा है। गुजरात की धरती पर छठ का यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का सुंदर उदाहरण बन गया है। छठ पूजा की सफलता में प्रशासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सूरत महानगरपालिका, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों के सामने श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा सुविधाओं की बड़ी जिम्मेदारी रहती है। घाटों की समय रहते सफाई, जलाशयों के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग सुविधाएं, अस्थायी शौचालय, चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। जलाशयों में उतरने के लिए सुरक्षित व्यवस्था, फिसलन रोकने के उपाय, बैरिकेडिंग और गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी संकेत भी लगाए जाने चाहिए। संध्या अर्घ्य और प्रातःकालीन अर्घ्य के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था सुचारु रखना पुलिस प्रशासन की विशेष जिम्मेदारी है। भीड़ नियंत्रण, वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग, महिला सुरक्षा और स्वयंसेवकों की तैनाती से श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाया जा सकता है। प्रशासन को आयोजक संस्थाओं के साथ समन्वय बनाकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी श्रद्धालु को अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। साथ ही प्लास्टिक और कचरे से जलाशयों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए। प्रशासन की तैयारियों का वास्तविक मूल्यांकन इसी बात से होगा कि छठव्रती कितनी सहजता, सुरक्षित वातावरण और सम्मान के साथ पूजा संपन्न कर पाते हैं। बिहार



विकास परिषद जैसी संस्थाओं का योगदान सराहनीय है। सामाजिक संस्थाएं जब अपने स्तर पर घाटों की व्यवस्था करती हैं तो प्रशासन का सहयोग भी अधिक प्रभावी बनता है। छठ पूजा किसी एक प्रदेश या भाषा के लोगों का पर्व नहीं रह गया है। इसमें गुजरात के स्थानीय नागरिक भी सहभागी बनते हैं। यही भारत की सांस्कृतिक विविधता की सबसे बड़ी ताकत है। अलग-अलग भाषाएं, वेशभूषाएं और परंपराएं होने के बावजूद आस्था और मानवीय संवेदना सभी को एक सूत्र में बांधती हैं। आज आवश्यकता है कि छठ पूजा को केवल धार्मिक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव के रूप में भी देखा जाए। सूर्य और जल की उपासना हमें प्रकृति के महत्व का संदेश देती है। स्वच्छ घाट, निर्मल जल और अनुशासित आयोजन ही इस पर्व की वास्तविक गरिमा को बनाए रख सकते हैं। सूरत में सजते छठ पूजा के घाट इस बात के प्रतीक हैं कि इंसान रोजगार के लिए अपना घर छोड़ सकता है, लेकिन अपनी संस्कृति और संस्कारों को नहीं छोड़ता। हजारों किलोमीटर दूर रहकर भी छठव्रती उसी श्रद्धा से सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते हैं, जिस श्रद्धा से वे अपने गांव में करते आए हैं। उनकी आस्था, तपस्या और समर्पण को नमन करना चाहिए। प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों के सामूहिक सहयोग से यह महापर्व सूरत में भी हर्षोल्लास, शांति और गरिमा के साथ संपन्न हो, यही कामना है। छठ पूजा हमें सिखाती है कि सच्ची आस्था के लिए स्थान की दूरी बाधा नहीं बनती। जहां श्रद्धा है, वहीं संस्कृति है और जहां संस्कृति है, वहीं भारत की आत्मा जीवित है।

श्रम की बूँदें और ईमान


सुबह,
पहले सूरज नहीं उगता,
एक मजदूर की हथेली
पर उगती
श्रम की बूँदें
ओस की तरह नहीं थमती
वे रोटी बनकर कर उभरती।

ईमान,
जेब में रखा सिक्का नहीं,
माथे पर चमकती
पसीने की चंद बूँदें ।

धरती जानती
बीज को उगाने से पहले
मनुष्य को अपने
भीतर सच रोपना पड़ता ।

जिस दिन
श्रम की एक बूँद उभरती ,
उसी दिन दुनिया
थोड़ी रहने लायक हो जाती ।

जिस दिन
ईमान बच जाता ,
उस दिन मनुष्य
जीवन की सबसे बड़ी
कमाई घर ले जाता ।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनास ने तमिल गाने पर किया जबरदस्त डांस, वीडियो वायरल

प्रियंका चोपड़ा के विदेश पति निक जोनास का कॉन्सर्ट से पहले किसी बॉलीवुड गाने पर झूमना कोई नई बात नहीं है। अक्सर वो स्टेज पर उतरने से पहले हिंदी गानों से माहौल जमाते नजर आते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने एक कदम आगे बढ़ाकर अपने भारतीय फैंस बता दें कि प्रियंका चोपड़ा से शादी के बाद निक को भारत में नेशनल जीजू कहा जाने लगा था और अब फैंस ने उन्हें एक नया प्यार भरा नाम दिया है।

गाने के बोल तंगामान पय्यन का मतलब गोल्ड बॉय है। फैंस ने इस नाम को निक से




को सरप्राइज दिया है। निक अपने भाइयों जो और केविन जोनस के साथ मशहूर युवा संगीतकार साई अभ्यंकर के वायरल तमिल इंडी हिट गाने राधिमा पर धमाकेदार डांस करते नजर आए।सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक प्यारे वीडियो में निक अपने भाइयों के साथ राधिमा गाने पर जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।इस क्लिप के जरिए यूं तो उन्होंने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दीं, लेकिन उनके गाने के चुनाव ने हर किसी का दिल जीत लिया। तमिल गाने के कंपोजर साई अभ्यंकर भी निक का डांस देखकर खुश हो गए।

उन्होंने निक के पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी शेयर करते हुए प्यार से भाई लिखा। जोड़ दिया है।

इस तरह निक को नेशनल जीजू के साथ अब एक नया नाम भी मिल गया है। तमिल गाने पर उनका डांस देखकर साउथ के फैंस भी काफी खुश हैं।राधिमा साई अभ्यंकर का तमिल गाना है, जिसे उन्होंने खुद कंपोज किया, गाया और तैयार किया है।इसके बोल विवेक ने लिखे हैं। थेजो भारद्वाज के निर्देशन में बने गाने के वीडियो में साई के साथ एक्ट्रेस भाग्यश्री बोरसे नजर आई हैं।

24 अगस्त को रिलीज हुए इस गाने को 10 नवंबर तक यूट्यूब पर 11.7 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इससे पहले साई कच्ची सेरा और आसा कूडा जैसे गानों से भी खूब लोकप्रिय हुए थे।

मिट्टी के दीपों से मन की रोशनी तक: जब दिल रोशन हों, तो हर दिन दिवाली है



डॉ. विजय गर्ग

दिवाली केवल दीप जलाने, घरों को सजाने और मिठाइयाँ बाँटने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन में प्रकाश, खुशी, प्रेम, आशा और सकारात्मकता का संदेश देने वाला पवित्र अवसर है। मिट्टी के छोटे-छोटे दीपक जब अँधेरी रात में जलते हैं, तो वे हमें याद दिलाते हैं कि अँधेरा कितना भी गहरा क्यों न हो, एक छोटी-सी रोशनी भी उसे दूर करने की क्षमता रखती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या दिवाली का यह प्रकाश केवल हमारे घरों और गलियों तक ही सीमित रहना चाहिए या हमारे दिलों और विचारों में भी फैलना चाहिए?

मिट्टी का दीपक हमें सादगी, विनम्रता और सेवा का संदेश देता है। यह स्वयं जलकर दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाता है। मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य भी कुछ ऐसा ही होना चाहिए। यदि हमारी शिक्षा, धन, योग्यता और सफलता दूसरों के काम नहीं आती, तो उनका महत्त्व अधूरा रह जाता है। वास्तविक दिवाली वह है, जब हम किसी निराश व्यक्ति के जीवन में आशा का दीप जलाएँ, किसी गरीब के घर में खुशियाँ लाएँ और किसी जरूरतमंद की सहायता करें।

आज के समय में दिवाली की चमक-दमक कई बार इसके वास्तविक संदेश को पीछे छोड़ देती है। महँगे उपहारों, सजावट, बिजली की लड़ियों और पटाखों की होड़ में हम कई बार उन लोगों को भूल जाते हैं, जिनके पास दो वक्त की रोटी या घर में एक दीपक जलाने के लिए भी पर्याप्त साधन नहीं होते। जब एक ओर इमारतें शानदार रोशनी से जगमगाती हैं और दूसरी ओर कोई परिवार अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करता है, तो हमें त्योहार के वास्तविक अर्थ पर विचार करने की आवश्यकता है।

दिवाली हमें सामाजिक समानता और मानवता का पाठ भी पढ़ाती है। इस अवसर पर हमें घरेलू सहायकों, मजदूरों, बुजुर्गों, अनाथ बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के साथ खुशियाँ बाँटनी चाहिए। किसी बच्चे को किताबें देना, किसी बुजुर्ग की जरूरत पूरी करना, किसी भूखे को भोजन कराना या किसी अकेले व्यक्ति के साथ कुछ समय बिताना भी दिवाली मनाने का एक सुंदर तरीका है। खुशियाँ बाँटने से कम नहीं होतीं, बल्कि कई गुना बढ़ जाती हैं।

इस त्योहार को पर्यावरण के अनुकूल बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है, पटाखों के कारण वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिसका प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों, पक्षियों और जानवरों पर पड़ता है, इसलिए मिट्टी के दीपक जलाने, बिजली की अनावश्यक खपत कम करने, स्वच्छता बनाए रखने और पटाखों से परहेज करने जैसे कदम हमें एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की ओर ले जा सकते हैं, हमें ऐसी दिवाली मनानी चाहिए, जिसकी खुशी किसी दूसरे के लिए परेशानी का कारण न बने

मन की रोशनी का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष हमारे विचारों की पवित्रता भी है। ईर्ष्या, नफरत, अहंकार, लालच, भेदभाव और बदले की भावना मनुष्य के भीतर अंधकार पैदा करती हैं। जब हम इन नकारात्मक भावनाओं को छोड़कर प्रेम, सहनशीलता, क्षमा और आपसी सम्मान को अपनाते हैं, तो हमारे भीतर वास्तविक प्रकाश उत्पन्न होता है। किसी से नाराज होने पर उसे क्षमा करना, पुरानी गलतफहमियाँ दूर करना और रिश्तों में फिर से प्रेम पैदा करना भी दिवाली की रोशनी का हिस्सा है।

इस त्योहार को पर्यावरण के अनुकूल बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों के कारण वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिसका प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों, पक्षियों और जानवरों पर पड़ता है। इसलिए मिट्टी के दीपक जलाने, बिजली की अनावश्यक खपत कम करने, स्वच्छता बनाए रखने और पटाखों से परहेज करने जैसे कदम हमें एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की ओर ले जा सकते हैं। हमें ऐसी दिवाली मनानी चाहिए, जिसकी खुशी किसी दूसरे के लिए परेशानी का कारण न बने।

माता-पिता और शिक्षकों की भी विशेष जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को दिवाली के सांस्कृतिक और नैतिक महत्त्व के बारे में समझाएँ। उन्हें बताना चाहिए कि त्योहारों की महत्ता महँगे कपड़ों या उपहारों से नहीं, बल्कि अच्छे व्यवहार, साझेदारी, दया और सेवा से बढ़ती है। यदि नई पीढ़ी त्योहारों को मानवीय मूल्यों से जोड़कर मनाना सीख ले, तो हमारी परंपराएँ और भी अर्थपूर्ण बन सकती हैं।

वास्तव में, दिवाली वर्ष में एक बार आने वाला त्योहार अवश्य है, लेकिन इसका संदेश हर दिन हमारे जीवन में जीवित रहना चाहिए। जब हम किसी की सहायता करते हैं, किसी के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, सच्चाई का साथ देते हैं और समाज में प्रेम तथा भाईचारे को मजबूत करते हैं, तो हमारे जीवन में हर दिन दिवाली जैसी खुशी पैदा होती है। आइए, इस दिवाली पर केवल घरों की दीवारों और दरवाजों को ही नहीं, बल्कि अपने दिलों और सोच को भी रोशन करने का संकल्प लें। मिट्टी के दीपों से अपने घरों को चमकाएँ और मानवता, दया, प्रेम तथा सेवा के दीपों से समाज को रोशन करें।क्योंकि वास्तविक दिवाली वह नहीं है, जो केवल एक रात के लिए प्रकाश करे, बल्कि वह है जो हमारे विचारों, व्यवहार और कर्मों में हमेशा के लिए रोशनी भर दे। जब दिल रोशन हों, तो हर दिन दिवाली है।

शुक्रवार का राशिफल



आज 13 नवम्बर 2026 मेष- धन की समस्या हल होंगी, आमदनी का नया जरिया मिलेगा, कोई गलती छुपाएंगे, सफलता पानी है तो जिद्दी स्वभाव छोड़े। भाग्य 58%



नौकरी का कॉल आयेगा, कर्जा उतारने की स्तिथि में आयेंगे, संचार, लॉ,वाहन क्षेत्र में उन्नति करेंगे, पिता से दूरी मतभेद सम्भव। भाग्य 57%



बीपी, ह्रदय समस्या बढेगी, प्रेम संबंध की बड़ों से अस्वीकृति मिलेगी, उच्च शिक्षा के लिए समय ठीक है।
भाग्य 54%



अपने कार्य में उन्नति मिलेगी, धन प्राप्त होगा, सुख के लिए कुछ ला सकते है, घर की कोई जिम्मेदारी मिलेग।
भाग्य 72%



पेट विकार सम्भव, घर से जुड़ी कोई बात आगे बढ़ेगी संशय भी रहेगा, अपनी छवि को लेकर कोई बात सुनने को मिलेगी। भाग्य 50%



माँ की बात मानेंगे, सीए, मार्केटिंग, शेयर मार्केट में है तो प्रगति होगी, कुछ ऐसा ना बोले जिससे लोग आपसे कट जाए। भाग्य 69%



पत्नी के परिवार से सहयोग मिलेगा, कोई पैतृक कार्य कर सकते है, पत्नि की ओर से अच्छी खबर मिलेगी।
भाग्य 75%



पार्टनरशिप या पति पत्नी का विवाद समाप्त होगा, नौकरी की परेशानी हल होगी, गठिया, सरवाईकल रोग बढ़ेगा। भाग्य 53%




भाई बहनो से सहयोग मिलेगा, समस्या हल होगी, कँधों, हाथो मे दर्द रहेगा, कोई कोर्स कर सकते है। भाग्य 69%




खर्चे लायक धन मिलेगा, प्रेम संबंधों मे अचानक समस्या आयेगी, बैलेंस बनाकर चले, घर में सबकी सेहत का ध्यान रखें। भाग्य 55%



पिता की सम्पत्ति का ध्यान रखे उल्टे सीधे कार्य में धन लगा सकते है। गुरु से सलाह लेकर चले, प्रेम संबंध आरम्भ होगा। भाग्य 50%



नए कार्य की लिये अच्छा समय है, बाहर के लोगों से फायदा होगा, धन को जोड़ने पर प्राथमिकता दे।
भाग्य 66%



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

मंडी धनोरा में अवैध अस्पताल की लापरवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)। जनपद की तहसील मंडी धनौरा क्षेत्र में अवैध और झोलाछाप अस्पतालों की मनमानी और लापरवाही के कारण बेकसूरों की जान जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वास्थ्य विभाग के तमाम दावों और कागजी कार्रवाई के बावजूद धरातल पर हालात जस के तस बने हुए हैं, जिससे इन अवैध अस्पतालों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। ताजा मामले में मंडी धनौरा क्षेत्र के शेरपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में आपरेशन के दौरान गंभीर लापरवाही के चलते एक नवविवाहिता की मौत हो गई। पिछले महज 10 दिनों के भीतर इस क्षेत्र में किसी प्रसूता या मरीज की मौत का यह तीसरा मामला सामने आया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्रसव के दौरान विवाहिता की मौत, 10 दिन में तीसरी घटना से सनसनी



प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुआखेडा निवासी दिलशाद सैफी ने अपनी बड़ी बेटी तबस्सुम का निकाह सुंगढ़ माफी निवासी नईम सैफी पुत्र यूसुफ सैफी के साथ किया था। मंगलवार को तबस्सुम को प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए मंडी धनौरा के शेरपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने बिना मुकम्मल इंतजाम और विशेषज्ञता के आपरेशन कर दिया, जिससे तबस्सुम की तबीयत अचानक तेजी से बिगड़ने लगी।

दौरान-ए-इलाज तबस्सुम ने एक मृत बच्ची को जन्म दिया। आपरेशन के बाद जब उसका अत्यधिक रक्तस्राव (ब्लडिंग) नहीं रुका और उसकी हालत नाजुक हो गई, तो अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए उसे आनन-फानन में हायर सेंटर बाहर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेरठ के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही गुरुवार सुबह तबस्सुम ने दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया और खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं।घटना की सूचना मिलने पर रिश्तेदारों और ग्रामीणों में गहरा रोष फैल गया।जुहर की नमाज के बाद गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द-ए-खाक (दफन) कर दिया गया है।इस गंभीर मामले पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। एसीएमओ डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वे खुद मौके पर पहुंच कर गहन जांच-पड़ताल करेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।वहीं, मंडी धनौरा थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को घटनाक्रम की सूचना प्राप्त हो चुकी है।

ऐतिहासिक 24 कोसीय परिक्रमा को लेकर पुलिस अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पैनी नजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहजोई। गुरुवार रात्रि से प्रारम्भ होने वाली ऐतिहासिक 24 कोसीय परिक्रमा को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

डीएम एसपी के द्वारा ऐतिहासिक 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर, सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया



भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों एवं मुख्य मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती का निरीक्षण किया गया। यात्रा मार्ग में स्थित आयोजन स्थलों एवं मेलों में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

परिक्रमा के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही आसपास के गांवों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

यात्रा मार्ग की सुरक्षा के लिए राजपत्रित अधिकारीगण, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी आदि पर्याप्त पुलिस बल एवं आरआरएफ की तैनाती की गई है। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस बल भी लगाया गया है।

पुलिस की प्राथमिकता है कि ऐतिहासिक 24 कोसीय परिक्रमा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो तथा किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

संभल तीर्थ परिक्रमा (फेरी)-अनादि परंपरा का पुनर्जागरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल। तीर्थ परिक्रमा (फेरी) यूं तो देवताओं द्वारा अनादि काल से चली आ रही सनातनी परंपरा है, परंतु सन 1976 से 2005 तक लगभग 30 वर्षों तक यह विलुप्तप्राय हो गई थी। इससे पूर्व परिक्रमा मार्ग खेतों-मेंड़ों से होकर गुजरता था, जिससे गन्ना, आलू आदि फसल खराब होने के आरोपों को लेकर प्रायः झगड़ा-झंझट होता था और इसी कारण 1976 से 2005 तक फेरी अर्थात पदयात्रा समाप्त हो गई। उस अवधि में संभल क्षेत्रवासी सूर्यकुंड, मनोकामना और नीमसार पर लगने वाले मेलों को ही फेरी-मेला कहने लगे थे।

सन 2006 में हिंदू जागृति मंच ने गांव-गांव अलख जगाकर भरपूर प्रचार-प्रसार करके अपने विश्वासपात्र साथी-मित्रों के साथ कुल 17 लोगों की संख्या से 24 कोसीय संभल तीर्थ परिक्रमा को पुनर्जीवित, पुनजार्गृत किया। उस समय सभी समाचार पत्रों में इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। समाज सेवा, आध्यात्मिक सेवा और क्षेत्र की सेवा में हिंदू जागृति मंच का यह सबसे महत्वपूर्ण और सफलतम कदम माना गया।

फेरी पर नहीं लगने दिया किसी राजनीतिक दल का ठप्पा

हिंदू जागृति मंच के संस्थापक एवं वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा का कहना है कि सन- 2006 से 2013 तक संभल तीर्थ परिक्रमा 17 लोगों से शुरू होकर लगभग 50,000 की संख्या तक पहुंच गई। इतना बड़ा आयोजन होने पर भी इस पर किसी भी राजनीतिक दल का ठप्पा नहीं लगने दिया गया, क्योंकि उस समय भाजपा, सपा, कांग्रेस और बसपा के सभी जनप्रतिनिधियों तथा दलों से जुड़े लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता था और सभी राजनीतिक दलों के लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ परिक्रमा करने वालों का स्वागत-सम्मान करते थे।

संतों और गणमान्य जनों के नेतृत्व में जागृत हुई संभल फेरी

संभल क्षेत्र के सभी संतों के आशीर्वाद, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग और उपस्थिति के साथ उन्हीं के नेतृत्व में हिंदू जागृति मंच



के सदस्यों ने अपने पूरे परिश्रम से 24 कोसीय परिक्रमा को जागृत, पुनर्जीवित और जीवंत किया।

गांव-गांव जाकर 20 रुपये में होता था परिक्रमा यात्रियों का पंजीकरण

हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्य जनपद के सभी गांवों में पहुंचकर गांव के ही ग्राम प्रधान अथवा मुख्य व्यक्ति के द्वारा मात्र 20 रुपये में तीर्थ यात्रियों का पंजीकरण करते थे। पंजीकृत यात्रियों के लिए गांव से वाहन जाता था और रात्रि में अर्थात प्रातः काल होने से पूर्व वंशी-गोपाल पर सभी यात्रियों को एकत्र किया जाता था। महाआरती के पश्चात परिक्रमा शुरू होती थी और अगले दिन परिक्रमा पूर्ण होने पर सभी पंजीकृत यात्रियों को वाहन से वापस गांव पहुंचाया जाता था। ऐसी सुंदर व्यवस्था से अभिभूत सभी तीर्थ यात्री उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते थे।

गांव-गांव जाकर परिक्रमा यात्रियों का होता था सम्मान

जितने लोगों का पंजीकरण होता था, उतनी ही संख्या में उस समय लोकप्रिय रही डीवीडी कैसेट तैयार की जाती थी। डीवीडी कैसेट और सम्मान-पत्र के साथ हिंदू जागृति मंच के सदस्य प्रत्येक गांव में पहुंचते थे। वहां सभी ग्रामवासियों के साथ बैठकर पंजीकृत तीर्थ यात्रियों का विशेष रूप से सम्मान होता था और संभल तीर्थ परिक्रमा का महत्व, लक्ष्य, सुविधा तथा अपने परिश्रम की जानकारी दी जाती थी।

वर्ष पर्यंत होती थी तीर्थ परिक्रमा की जीवंत चर्चा

क्षेत्र के सभी लोगों का पंजीकरण करना, फिर उन्हें वाहन से लाना, गणमान्य जनों के सहयोग से भोजन, जलपान, शयन आदि की व्यवस्था करना, उन्हें वाहन द्वारा गांव पहुंचाना और उसके बाद उस यात्रा की जीवंत फिल्म के साथ डीवीडी कैसेट तैयार करना और फिर गांव-गांव जाकर सम्मान समारोह आयोजित करना - इन सभी कार्यों से लगभग पूरे वर्ष संभल तीर्थ परिक्रमा की जीवंत चर्चा बनी रहती थी।

प्रतिकूल समय में पुनर्जागरण आश्चर्यजनक था

संभल तीर्थ परिक्रमा का 2006 में पुनर्जीवित होना इसलिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि वह ऐसा संक्रमण काल था जब संभल नगर में चलते हुए देवी जागरण को प्रशासन द्वारा रुकवा दिया गया था, वाद्य यंत्र कोतवाली में जमा करा लिए गए थे, मंदिरों में होने वाली भागवत कथा से पूर्व निकलने वाली कलश यात्रा प्रतिबंधित कर दी गई थी। बिना प्रशासन की अनुमति के धार्मिक-आध्यात्मिक कार्य नहीं हो सकते थे।

ऐसे समय में कितना प्रचार किया गया, कितना छुपाकर कार्य किया गया, कार्य हो गया उसके बाद ही समाचार पत्रों में आया, उससे पूर्व किसी को भनक न लगे और कहीं रुकावट पैदा न हो जाए - ऐसी विसंगति वाले समय में संभल तीर्थ परिक्रमा का पुनर्जागरण अत्यंत कठिन ही नहीं, बल्कि दुरूह कार्य था।

जनपद पुलिस लगातार महिलाओं व बालिकाओं को, कर रही जागरुक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहजोई। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-6.0) के तहत

- **पुलिस की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-06' अभियान**
- **महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया**

पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में आज दिनाँक 12.11.2026 को जनपद सम्भल के मिशन शक्ति केन्द्रों में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही ह्यमिशन शक्ति 6.0ह्ण अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



आरपीएफ जवानों पर अवैध वसूली का आरोप, व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवानों द्वारा यात्रियों से अभद्रता और अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में आरपीएफ प्रभारी गोविंद को ज्ञापन सौंपा।

सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, आंदोलन की चेतावनी



ज्ञापन में बताया गया कि सीता रोड निवासी अतुल कश्यप 10 नवंबर की रात करीब 12 बजे अपने परिचित को स्टेशन छोड़ने गए थे। आरोप है कि इस दौरान तीन आरपीएफ कर्मियों ने स्टेशन टिकट मांगते हुए टिकट न होने पर दो हजार रुपये जुमार्ना लगाने की बात कही। पैसे न होने पर उनकी स्कूटी की चाबी ले ली गई। इसके बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू को जानकारी देने पर उनके माध्यम से एक चाय की दुकान के यूपीआई खाते पर 500 रुपये जमा कराए गए और बिना किसी जुमार्ने की रसीद दिए उन्हें छोड़ दिया गया।

व्यापार मंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, स्टेशन परिसर के सीसीटीवी फुटेज और संबंधित ऑनलाइन लेनदेन की जांच कर दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी तो व्यापार मंडल आंदोलन करेगा। इस दौरान शाह आलम मंसूरी, अभिनव शर्मा, विकास मिश्रा, अतुल कश्यप, निशांत शर्मा, अतुल वार्ष्णेय, ज्ञान प्रकाश छोटू, तुषार क्रिस्टल और शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

पोक्सो एक्ट को गिरफ्तार किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)। थाना गजरौला पुलिस द्वारा एक अभियुक्त रिंकू पुत्र रोहताश निवासी ग्राम हैबतपुर गौसाई थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र करीब 20 वर्ष सम्बंधित मु0अ0सं0 684/2026 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट को गिरफ्तार किया गया । पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में,व प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर के नेतृत्व मे थाना गजरौला पुलिस द्वारा एक अभियुक्त रिंकू पुत्र रोहताश निवासी ग्राम हैबतपुर गौसाई थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र करीब 20 वर्ष सम्बंधित मु0अ0सं0 684/2026 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट को गिरफ्तार किया गया है नौ नवंबर को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 684/2026 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया । मुकदमा उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान वांछित अभियुक्त रिंकू पुत्र रोहताश निवासी ग्राम हैबतपुर गौसाई थाना गजरौला जनपद अमरोहा सम्बंधित मुकदमा धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट को गिरफ्तार किया गया है । जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिस को बाद में जेल भेज दिया गया।



अवैध प्लाटिंग करने वालों की अब खैर नहीं, प्रशासन अलर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहजोई । गुरुवार को संभल जिले के बहजोई में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों में खलबली मच गई। बताया जा रहा है कि करीब 10 से 15 बीघा जमीन पर प्लाटिंग की गई थी। इसके अलावा भी ओर स्थानों पर प्लॉटिंग की गई है वहां भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में नायब तहसीलदार रजत कुमार ने बताया कि कुछ लोगों ने जमीन की धारा 80 करा रखी थी, लेकिन केवल धारा 80 करा लेना प्लाटिंग के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए प्लाटिंग का लेआउट और नक्शा भी स्वीकृत कराना जरूरी है।उन्होंने बताया कि जिला पंचायत के माध्यम से संबंधित लोगों को जानकारी दी गई थी कि वे प्लाटिंग का नक्शा स्वीकृत करा लें, लेकिन इन लोगों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी स्थानों पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

बहजोई में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, बुलडोजर चलाकर की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई



सिरसी में अय्याम-ए-अजा-ए-फातमिया के दूसरी दिन भी मजलिस का सिलसिला जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सिरसी। नगर के मोहल्ला शर्की स्थित इमामबाड़ा मोहल्ला सादात में अय्याम-ए-अजा-ए-फातमिया के सिलसिले में आयोजित खमसे की दूसरी मजलिस अकीदत और एहतराम के साथ आयोजित हुई। मजलिस को मौलाना आफाक आलम साहब ने खिताब किया।

मौलाना आफाक आलम ने अपनी तकरीर में जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) की अजमत, उनके किरदार, सब्र और इस्लाम के लिए उनकी कुर्बानियों पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने लोगों को अहलेबैत (अ.स.) की तालीमात पर अमल करने और उनके बताए रास्ते पर चलने का पैगाम दिया। मजलिस में इंजीनियर मोहम्मद असगर ने मर्सियाख़्वानी पेश की, जबकि अंजुमन-ए-गुलदस्ता-ए-हैदरी और अंजुमन-ए-हैदरी ने पुरदर्द अंदाज में नौहाख़्वानी कर माहौल को गमगीन कर दिया।कार्यक्रम का आयोजन मिनजानिब मोमिनीन मोहल्ला सादात किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।



निर्माण ध्वस्त इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा

वक्फ जमीन पर अवैध मस्जिद पर चला बुलडोजर, 150 वर्ग मीटर निर्माण ध्वस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल। संभल तहसील के अंतर्गत असमोली थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर सकता में गुरुवार को प्रशासन ने वक्फ संपत्ति पर अवैध रूप से बनाई गई मस्जिद पर बुलडोजर चला दिया। तहसीलदार कोर्ट के आदेश पर हुई इस कड़ी कार्रवाई में दो बुलडोजरों की मदद से करीब 150 वर्ग मीटर में किए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा और ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जाती रही।

शिकायत पर जांच और वक्फ बोर्ड की अनुमति न होना आया सामने

यह पूरा मामला स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर खुला था। शिकायत में बताया गया था कि गांव में वक्फ की जमीन पर बिना किसी कानूनी अनुमति के मस्जिद का निर्माण कर वहां नमाज पढ़ने की शुरूआत कर दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने जांच कराई।



जांच में यह स्पष्ट हुआ कि जिस भूमि पर निर्माण किया गया है, वह उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ के अधीन दर्ज वक्फ संपत्ति है। इस जमीन पर निर्माण के लिए वक्फ बोर्ड से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी और काम पूरी तरह मनमाने ढंग से किया गया था।

तहसीलदार कोर्ट में सुनवाई और मुतवल्ली का कबूलनामा

जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद मामला संभल तहसीलदार कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट में चली सुनवाई के दौरान संबंधित मुतवल्ली को अपना पक्ष रखने और वैध अनुमति पेश करने का पूरा अवसर दिया गया। सुनवाई के दौरान मुतवल्ली ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उनके द्वारा वक्फ बोर्ड से निर्माण की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। इसके बाद कोर्ट ने निर्माण को अवैध करार देते हुए उसे हटाने का आदेश जारी कर दिया।

भारी सुरक्षा और ड्रोन की निगरानी में हुई कार्रवाई

अदालत के आदेश के बाद गुरुवार को प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। तहसीलदार की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए क्षेत्र में पुलिस मुस्तैद रही तथा ड्रोन कैमरे से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। दो बुलडोजरों ने कुछ ही घंटों में अवैध निर्माण को गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान गांव में शांति व्यवस्था कायम रही।

प्रशासन की दो टूक: अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं

तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि संबंधित जमीन वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज है, जिस पर इस तरह का अनधिकृत निर्माण गैरकानूनी है। नियमों के विरुद्ध जाकर शुरू की गई गतिविधियों और अवैध निर्माण पर प्रशासन का हंटर चला है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि वक्फ या सार्वजनिक जमीनों पर बिना अनुमति कब्जा करने वालों के खिलाफ आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

भगत सिंह चौक की समस्याओं को लेकर युवाओं ने फिर उठाई आवाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। शहीद भगत सिंह चौक की साफ-सफाई, प्रतिमा की सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के युवा जिलाध्यक्ष गौरव बघेल के नेतृत्व में युवाओं ने गुरुवार को नगर पालिका पहुंचकर अधिकारियों से समाधान की मांग की। गौरव बघेल ने बताया कि 30 अक्टूबर को ज्ञापन देकर चौक की सफाई, प्रतिमा पर कांच का सुरक्षा फ्रेम और लाइटिंग की मांग की गई थी। पालिका प्रशासन ने 10 से 12 दिन में कार्य कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन 12 नवंबर तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि ये कार्य डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के अंतर्गत आते हैं। गौरव बघेल ने कहा कि अब संबंधित विभाग को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान यश शर्मा, अभिनव भारद्वाज, सुशील दिवाकर, कादिर खान, विनीत, विशेष राव, अमन, सोमवीर, अर्जुन और अर्जुन सैनी सहित अन्य युवा मौजूद रहे।



त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
04022	नई दिल्ली (वाया लखनऊ (एनआर))	14:30	गोरखपुर	04:10	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को
04021	गोरखपुर (वाया लखनऊ (एनआर))	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	14.11.2026 को
04058	आनंद विहार टर्मिनल	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार मंगलवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनंद विहार टर्मिनल	17:20			
01903	आगरा कैंट	20:00	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	12:20	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
01904	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	16:05	आगरा कैंट	08:40		सोमवार	30.11.2026 तक
02563	बरौनी जं.	07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10			01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00			01.12.2026 तक
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा जं.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	शेखपुरा जं.	11:30	आनंद विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनंद विहार टर्मिनल	13:30	शेखपुरा जं.	14:45		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.	18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45		मंगलवार, शनिवार	01.12.2026 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनंद विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनंद विहार टर्मिनल	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.	14:00	पठानकोट	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट	00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक
02417	प्रयागराज जं.	21:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में चार दिन	रवि, सोम, गुरु, शुक्र	14.12.2026 तक
02418	शकूर बस्ती	21:30	प्रयागराज जं.	09:15		बुध, गुरु, शनि, रवि	17.12.2026 तक
04163	नारायणपुर बाजार	18:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, बुध, शनि	16.12.2026 तक
04164	शकूर बस्ती	21:30	नारायणपुर बाजार	12:25		सोम, मंगल, शुक्र	15.12.2026 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार टर्मिनल	00:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
03258	आनंद विहार टर्मिनल	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	30.11.2026 तक
05301	मऊ जं.	04:40	अंबाला कैंट जं.	03:55	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
05302	अंबाला कैंट जं.	05:45	मऊ जं.	04:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
05085	छपरा जं.	13:05	आनंद विहार टर्मिनल	09:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05086	आनंद विहार टर्मिनल	10:50	छपरा जं.	07:00		बुधवार	25.11.2026 तक
03435	मालदा टाउन	09:30	आनंद विहार टर्मिनल	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
03436	आनंद विहार टर्मिनल	14:50	मालदा टाउन	22:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
02877	रांची जं.	16:25	आनंद विहार टर्मिनल	18:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
02878	आनंद विहार टर्मिनल	19:30	रांची जं.	19:10		रविवार	29.11.2026 तक
04123	प्रयागराज जं.	14:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	सप्ताह में दो दिन	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
04124	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		गुरुवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05101	गोरखपुर जं.	16:00	शकूर बस्ती	11:05	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
05102	शकूर बस्ती	13:15	गोरखपुर जं.	08:30		सोमवार	30.11.2026 तक
03107	कोलकाता	23:50	आलमनगर	19:45	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
03108	आलमनगर	01:45	कोलकाता	22:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04183	प्रयागराज जं.	15:25	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	साप्ताहिक	मंगलवार	01.12.2026 तक
04184	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		बुधवार	02.12.2026 तक
03437	मालदा टाउन	10:00	हरिद्वार जं.	17:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03438	हरिद्वार जं.	18:35	मालदा टाउन	23:55		रविवार	29.11.2026 तक
01705	जबलपुर जं.	19:40	अयोध्या धाम जं.	11:25	साप्ताहिक	मंगलवार	29.12.2026 तक
01706	अयोध्या धाम जं.	13:30	जबलपुर जं.	06:45		बुधवार	30.12.2026 तक
09309	इंदौर जं.	17:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	27.11.2026 तक
09310	हज़रत निज़ामुद्दीन	08:20	इंदौर जं.	21:00		शनिवार, सोमवार	28.11.2026 तक
09257	भावनगर टर्मिनस	14:20	शकूर बस्ती	10:55	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
09258	शकूर बस्ती	13:15	भावनगर टर्मिनस	08:50		शनिवार	28.11.2026 तक
09203	वेरावल जं.	16:05	हरिद्वार जं.	20:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09204	हरिद्वार जं.	21:30	वेरावल जं.	09:45		बुधवार	25.11.2026 तक
09523	ओखा	10:20	शकूर बस्ती	10:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09524	शकूर बस्ती	13:15	ओखा	13:00		बुधवार	25.11.2026 तक
09425	साबरमती बीजी	18:45	हरिद्वार जं.	20:30	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
09426	हरिद्वार जं.	21:45	साबरमती बीजी	22:30		मंगलवार	24.11.2026 तक
04811	बाड़मेर	04:15	हरिद्वार जं.	04:10	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, गुरुवार	30.11.2026 तक
04812	हरिद्वार जं.	05:15	बाड़मेर	06:35		मंगलवार, शुक्रवार	01.12.2026 तक
09611	अजमेर जं.	19:45	योग नगरी ऋषिकेश	12:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09612	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	अजमेर जं.	09:55		गुरुवार	26.11.2026 तक
09639	मदार जं.	04:30	रोहतक जं.	12:50	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
09640	रोहतक जं.	13:20	मदार जं.	22:35			30.11.2026 तक
09609	उदयपुर सिटी	13:45	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09610	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	उदयपुर सिटी	15:30		बुधवार	25.11.2026 तक
01703	जबलपुर जं.	15:30	हरिद्वार जं.	14:20	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
01704	हरिद्वार जं.	15:10	जबलपुर जं.	16:20		शुक्रवार	20.11.2026 तक
01707	जबलपुर जं.	20:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:25	साप्ताहिक	शनिवार	14.11.2026 तक
01708	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	जबलपुर जं.	09:30		रविवार	15.11.2026 तक
09093	उधना जं.	07:25	अयोध्या कैंट	10:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026 तक
09094	अयोध्या कैंट	14:45	उधना जं.	17:15		शनिवार	14.11.2026 तक
09097	उधना जं.	06:45	अयोध्या कैंट	11:30	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09098	अयोध्या कैंट	13:30	उधना जं.	17:30		बुधवार	25.11.2026 तक
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में चार दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल	15:00	नई दिल्ली	20:20		सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02458	आनंद विहार टर्मिनल	07:20	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
02457	कानपुर सेंट्रल	15:00	आनंद विहार टर्मिनल	20:10		मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
05005	बढ़नी	15:10	जालंधर सिटी जं.	08:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05006	जालंधर सिटी जं.	10:50	बढ़नी	04:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
01483	खडकी	17:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:10	सप्ताह में दो दिन	मंगलवार, शुक्रवार	20.11.2026 तक
01484	हज़रत निज़ामुद्दीन	22:10	खडकी	22:15		बुधवार, शनिवार	21.11.2026 तक
07621	हजूर साहिब नांदेड़	08:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
07622	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:40	हजूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.11.2026 तक
07021	चर्लपल्ली	19:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
07022	हज़रत निज़ामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	13:50		बुधवार	02.12.2026 तक
07023	चर्लपल्ली	19:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	साप्ताहिक	गंगलवार	24.11.2026 तक
07024	हज़रत निज़ामुद्दीन	07:15	चर्लपल्ली	17:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
09617	उदयपुर सिटी	21:15	दिल्ली सराय रोहिल्ला	11:15	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09618	दिल्ली सराय रोहिल्ला	13:45	उदयपुर सिटी	04:00		गुरुवार	26.11.2026 तक
01045	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	07:35	अयोध्या कैंट	10:15	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	27.11.2026 तक
01046	अयोध्या कैंट	13:50	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	17:15		मंगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
01913	खजुराहो	22:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:00	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शनि	18.11.2026 तक
01914	हज़रत निज़ामुद्दीन	12:30	खजुराहो	03:30		मंगल, गुरु, रवि	19.11.2026 तक
06073	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	14:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:50	साप्ताहिक	सोमवार	16.11.2026 तक
06074	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:45	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	16:30		गुरुवार	19.11.2026 तक
04209	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट (वाया लखनऊ (एनआर))	18:20	आनंद विहार ट.	06:10	सप्ताह में दो दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार ट. (वाया लखनऊ (एनआर))	09:00	अयोध्या कैंट	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में दो दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05281	मुज़फ़्फ़रपुर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	06:30	आनन्द विहार (ट.)	05:00	तिथिवार	बुधवार	18.11.2026 को
05282	आनन्द विहार (ट.) (वाया लखनऊ (एनआर))	07:00	मुज़फ़्फ़रपुर जं.	04:50		गुरुवार	19.11.2026 को
04067	पटना जं.	18:00	नई दिल्ली	14:00	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर सपा की मासिक बैठक, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय बुलंदशहर पर गुरुवार को जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष कृष्णपाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन हाजी अख्तर ने किया। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में आगामी 17 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष कृष्णपाल यादव ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस अभियान की गंभीरता और जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी सक्रियता के साथ काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल न हो, इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची का बारीकी से निरीक्षण करे। साथ ही पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने और गलतियों को ठीक कराने में पूरा सहयोग करे।



बैठक में सभी बूथ प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने बूथों की फोटोकॉपी जिला कार्यालय समाजवादी पार्टी में उपलब्ध कराएं, जिससे बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती और व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त हो सके। कार्यकताओं से एसआईआर अभियान को पूरी मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया गया।

इसके अलावा आगामी 15 नवंबर 2026 को आगरा में आयोजित होने वाले दलित सम्मेलन को सफल बनाने पर भी चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने अधिक से अधिक संख्या में पार्टी कार्यकताओं एवं लोगों से सम्मेलन में पहुंचने की अपील की।

बैठक में चौधरी होशियार सिंह, जाकिर उर्फ बबलू, रामकिशोर लोधी, चौधरी अनवार सिंह, चौधरी चंद्रपाल सिंह, संजीव गुर्जर, जगवीर सिंह, रामकुमार यादव, रामअवतार, जयसिंह, अमित त्यागी, रामबाबू सिंह, कौकिंद्र सिंह, अजय कुमार अहेरिया, कपिल जितातका, मुकेश लोधी, बबलू कुमार, निजामुद्दीन सैफी, शास्त्री सभासद, आजाद खां, रिजवान अंसारी, रविशंकर चौधरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीसीटीवी कैमरे लगने के चंद घंटे बाद ही चोरी, विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर । विकास क्षेत्र शिकारपुर के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रिवाड़ा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के चंद घंटे बाद ही अज्ञात लोगों ने उन्हें क्षतिग्रस्त कर चोरी कर लिया। घटना से विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रधानाध्यापक डॉ. मनमोहन रोहिला के अनुसार, विद्यालय में पहले भी चोरी और तोड़फोड़ की घटनाएं हो चुकी थीं। इसके चलते 7 नवंबर 2026 को सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे, लेकिन उसी रात करीब 8:40 बजे अज्ञात लोग कैमरे चोरी कर ले गए। मामले में प्रधानाध्यापक ने 12 नवंबर को थाना जहांगीराबाद में तहरीर देकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने विद्यालय परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है। घटना ने सरकारी विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीएम श्री विद्यालय रिवाड़ा में कैमरे क्षतिग्रस्त कर चोरी किए, प्रधानाध्यापक ने थाने में दी तहरीर



उधर थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गन्ने की सूखी पत्तियां न जलाएं, खेत में ही बनाएं जैविक खाद : जिला गन्ना अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीन ने जनपद के समस्त गन्ना किसानों से अपील की है कि गन्ने की कटाई के बाद खेतों में बची सूखी पत्तियों एवं फसल अवशेषों को किसी भी दशा में न जलाएं।

उन्होंने कहा कि गन्ने की सूखी पत्तियां खेतों के लिए उपयोगी जैविक संसाधन हैं। इन्हें जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है।

साथ ही मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव एवं मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीन ने बताया कि गन्ने की सूखी पत्तियों को खेत में फैलाकर रखने अथवा उचित विधि से मिट्टी में मिलाने से जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है। इससे मिट्टी में नमी बनी रहती है तथा भूमि की संरचना और उर्वरा शक्ति में सुधार होता है।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर तहसील में हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। तहसील शिकारपुर में विकास खंड शिकारपुर के समस्त पंचायत सचिवों, सहायक कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान (रफ) के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी, शिकारपुर प्रतीक्षा पांडे ने की। बैठक में तहसीलदार, शिकारपुर और सहायक विकास अधिकारी, पंचायत, खंड शिकारपुर उपस्थित रहे। बैठक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई और उपस्थित पंचायत सचिवों, सहायक कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों से उक्त कार्यों में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया गया।



उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा पांडे ने अवगत कराया कि दिनांक 17.11.2026 से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान के दौरान पात्र नागरिकों, विशेष रूप से ऐसे युवाओं जिनकी आयु दिनांक 01.01.2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है अथवा होने वाली है, का निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

17 नवंबर से शुरू होगा रफ अभियान, इछड सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बूथ पर रहेंगे मौजूद

साथ ही ऐसे पात्र व्यक्ति जो किसी कारणवश अभी तक निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित नहीं करा सके हैं, उन्हें भी नियमानुसार नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रेरित एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा।

साथ ही मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाते हुए डबल मतदाता, मृतक मतदाताओं का नाम सूची से फॉर्म-7 के माध्यम से नियमानुसार हटाया जाएगा। विशेष अभियान दिवस की तिथियां 21, 22 नवंबर और 28, 29 नवंबर नियत हैं, जिनमें बीएलओ सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बूथ पर उपस्थित रहते हुए मतदाता सूची को पढ़ेंगे और फॉर्म प्राप्त करेंगे।

पंचायत स्तर पर संबंधित कार्मिक एवं ग्राम प्रधान से अपेक्षा है कि उनके द्वारा आमजन को निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जागरूक करते हुए पात्र नागरिकों को आवश्यक प्रपत्र एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराएं तथा अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

प्रशिक्षण फॉर्म-6 भरते समय आवेदक का वास्तविक मोबाइल नंबर और पूरा पता दर्ज करना अनिवार्य

मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों पर लगेगी रोक, सीएससी संचालकों को दिया प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलन्दशहर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए जन सुविधा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से भरे जाने वाले फॉर्म-6 में होने वाली दोहरी प्रविष्टियों की समस्या को रोकने के लिए जनपद के समस्त जन सुविधा केंद्र संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें आवेदन भरने की सही प्रक्रिया और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने के लिए पात्र नागरिक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। कई बार ऑनलाइन आवेदन करने के बाद मोबाइल पर एसएमएस या रेफरेंस नंबर की सूचना नहीं मिलने के कारण आवेदक दोबारा फॉर्म-6 भर देते हैं। इससे मतदाता सूची में एक ही व्यक्ति के नाम की एक से अधिक प्रविष्टियां होने की समस्या उत्पन्न होती है। अधिकारियों ने सीएससी संचालकों को निर्देश दिए कि फॉर्म-6 भरते समय आवेदक का वास्तविक और सक्रिय मोबाइल नंबर ही दर्ज करें। संचालक अपना मोबाइल नंबर अथवा कोई काल्पनिक या गलत नंबर दर्ज न करें। यदि नेटवर्क की समस्या के कारण मोबाइल पर रेफरेंस नंबर का एसएमएस प्राप्त नहीं होता है तो ई-साइन के बाद स्क्रीन पर प्रदर्शित रेफरेंस नंबर को नोट कर लें अथवा उसका स्क्रीनशॉट लेकर आवेदक को उपलब्ध कराएं, ताकि दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता न पड़े।



आवेदन की स्थिति जांचने के बाद ही भरें नया फॉर्म

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि आवेदन जमा होने के बाद एसएमएस प्राप्त नहीं होना इस बात का प्रमाण नहीं है कि आवेदन जमा नहीं हुआ है। इसलिए नया फॉर्म भरने से पहले पोर्टल पर पूर्व में जमा आवेदन की स्थिति अवश्य जांची जाए। ओटीपी प्राप्त होने में देरी होने पर कुछ समय प्रतीक्षा करें तथा मोबाइल नेटवर्क और दर्ज किए गए नंबर की जांच करें। बार-बार ओटीपी प्राप्त करने या सबमिट बटन दबाने से बचें। आवेदन का रेफरेंस नंबर सुरक्षित रखना भी अनिवार्य है।

इसके साथ ही आवेदक का नाम, माता-पिता अथवा पति का नाम, जन्मतिथि और पता निर्धारित दस्तावेजों के अनुसार सही भरा जाए। हिंदी और अंग्रेजी में नाम की वर्तनी का विशेष ध्यान रखा जाए। फोटो और आवश्यक दस्तावेज भी स्पष्ट रूप से अपलोड किए जाएं।

सही पते पर पहुंचेगा मतदाता पहचान पत्र

अधिकारियों ने बताया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) डाक विभाग के माध्यम से स्पीड पोस्ट द्वारा मतदाताओं को भेजा जाता है। ऐसे में आवेदन में अधूरा पता या गलत पिन कोड दर्ज होने पर पहचान पत्र वापस हो सकता है। इसलिए फॉर्म-6 भरते समय आवेदक का पूरा डाक पता और सही पिन कोड दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।

अंतिम रूप से आवेदन जमा करने से पहले सभी विवरण आवेदक को दिखाकर उनकी पुष्टि कराई जाए। एक बार सबमिट बटन दबाने के बाद पोर्टल की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जाए और आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने पर रेफरेंस नंबर आवेदक को अवश्य दिया जाए। आवेदन की स्थिति स्पष्ट न होने पर संबंधित तकनीकी सहायता केंद्र अथवा हेल्पलाइन नंबर 1950 से संपर्क करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अंगद यादव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पीयूष कुमार चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा नेताओं को दीपावली,गोवर्धन व भैया दूज पर्व की मुबारकबाद दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



हापुड़। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जनपद के जिला उपाध्यक्ष दानिश कुरैशी ने भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों को दीपावली गोवर्धन व भैया दूज पर्व की मुबारकबाद दी।

जिला उपाध्यक्ष दानिश कुरैशी ने भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी,भाजपा के पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर मानसिंह गोस्वामी,राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के सदस्य मनोज बाल्मीकि,भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे,पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश राणा एडवोकेट, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के क्षेत्रीय अध्यक्ष जमालुद्दीन अल्वी,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कदीम आलम,जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी,मोहन सैफी, तय्यब,अरशद,शमशाद,सरफराज,मौ अहमद,एडवोकेट दाऊद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

सिंह आदि से शिष्टाचार भेंट कर दीपावली गोवर्धन भैया दूज की मुबारकबाद दी और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की स्टेचू तस्वीर व अष्टधातु से बना छोटा गाय बछड़ा भेंट किया

भाजपा नेता दानिश कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बार फिर हैट्रिक लगाते हुए 2027 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मोदी व योगी के कुशल नेतृत्व मे 300 प्लस के साथ सरकार बनाएगी।

इस मौके पर कारी शहजाद,प्रदीप त्यागी जिला महामंत्री किसान मोर्चा,आकिब कुरैशी,डा दिलशाद अली, डा आमिर अब्बासी,आरिफ त्यागी,रहीसुद्दीन

पापड़ नगरी पर प्रतिदिन भारी पड़ने लगा जामः जाम से बदली पापड़ नगरी की पहचान,जाम नगर बनी नई पहचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। पापड़ नगरी के नाम से देश विदेश में विख्यात हापुड़ पर प्रतिदिन दिन लगने वाला जाम भारी पडने लगा है। सुबह से शाम तक लगने वाले जाम के कारण अब पापड़ नगरी जाम नगर के नाम से मशहूर हो गया है। करोड़ों की लागत से बना बाईपास भी जाम में सुधार नहीं ला सका है। ई-रिक्शाओं की संख्या अधिक होना भी हापुड़ नगर में जाम लगने को मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके अलावा जाम लगने से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित होने लगा है।

आपको बता दें कि चार दशक पूर्व हापुड़ के

- स्थानीय अधिकारी प्रतिदिन होते है जाम का शिकार
- ई-रिक्शा की संख्या अधिक होना भी जाम का मुख्य कारण
- प्रतिदिन जाम लगने से व्यापारियों का कारोबार होने लगा प्रभावित

पापड़ की विदेशों तक धूम थी। जिस कारण यह दुनिया भर में पापड़ नगरी के नाम से विख्यात हो गया। मौजूदा समय में पापड़ नगरी की पहचान धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इस मुख्य कारण हापुड़ नगर में प्रतिदिन कई कई घंटे लगने वाला जाम। अब पापड़ नगरी जाम नगर के नाम से देश विदेश में प्रसिद्ध होती जा रही है। इससे न सिर्फ यहां का व्यापार प्रभावित हो रहा है। बल्कि आये दिन राहगीरों के साथ साथ दुकानदारों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

पापड़ नगरी को जाम की समस्या से निजाम दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निजाम से लेकर ततारपुर तक करोड़ों की लागत ने बाईपास का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राजग सरकार में भूतल परिवहन केन्द्रीय मंत्री रहे चन्द्रभुवन खंडूरी ने किया था। साथ ही उन्होंने जनपद की जनता को आश्वस्त किया था कि अब उन्हें जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। किन्तु स्वार्थी वाहन चालक नहीं चाहते कि वह बाहर जाने के लिए बाईपास का प्रयोग करे। यहीं कारण है कि शहर में डग्गामार वाहनों की तादात इतनी अधिक बढ़ गयी है कि जाम पर काबू पाना टेढ़ी खीर लगती है।

दिलचस्प बात तो यह है कि यातायात पुलिस को परिवहन सुचारु कराने के लिए मुख्य चौराहों पर तैनात किया गया है किन्तु वह अपने कर्तव्य सही ढंग से निर्वाह नहीं कर पा रहे है। इतना ही नहीं स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जाम का प्रतिदिन शिकार होते है। अब उन्हें भी जाम झेलने की आदत पड़ गयी है।

वही ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी जाम की समस्या समाप्त करने के लिए कई उपाय किये। लेकिन सभी विफल साबित हुए हैं।



हापुड़ नगर में लगे भीषण जाम का नजारा



कबाड़ में तब्दील होती चौराहा पर लगी ट्रैफिक लाइट

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा लाखों की लागत से तहसील चौपला,मेरठ तिराहा,पक्का बाग चौराहा पर ट्रैफिक लाइटें लगवायी,जो एक भी नहीं चली,और कबाड़ में तब्दील हो गयी। पुलिस विभाग उक्त चौराहों पर लाखों की लागत से ट्रैफिक लाइट लगवायी,जो अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। और खंभों से टूटकर नीचे आ गयी है।

व्यापार होने लगा प्रभावित

हापुड़ नगर में प्रतिदिन कई घंटे लगने वाले जाम से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित होने लगा है। व्यापारियों का कहना है,कि जाम लगने से व्यापार प्रतिदिन घटता जा रहा है। अगर रही हाल रहा तो उन्हें दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ेगा।

ई-रिक्शा बनी जाम लगने का कारण

शहर की जनता व व्यापारियों का भी कहना है,कि ई=रिक्शा की संख्या बहुत अधिक होना भी शहर में जाम लगने का मुख्य कारण माना जा रहा है। लोगों का कहना है,कि ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या पर भी अंकुश लगना चाहिए।

सदर बाजार के मुख्य गेट को मेले का आकर्षण केन्द्र बनाये:डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने गढ़ गंगा मेले में सदर बाजार के मुख्य दरवाजे को मेले का आकर्षण केंद्र बनाने के लिए वहां पर मुक्तेश्वर मूर्ति की स्थापना,साज-सज्जा,भव्य लाइटिंग,स्वागत द्वार की सजावट एवं अन्य

गंगा मेले में स्वागत द्वार की भव्य सजावट करने के दिये निर्देश

व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

आगामी कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले को भव्य एवं आकर्षक बनाने के दृष्टिगत गुरुवार को जिलाधिकारी कविता मीना व मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी कविता मीना ने सदर बाजार के मुख्य दरवाजे को मेले का आकर्षण केंद्र बनाने के लिए वहां पर मुक्तेश्वर मूर्ति की स्थापना,साज-सज्जा,भव्य लाइटिंग, स्वागत द्वार की सजावट एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्य दरवाजा मेले का मुख्य आकर्षण होगा,इसलिए यहां भगवान मुक्तेश्वर की मूर्ति की स्थापना अत्यंत भव्य एवं आकर्षक ढंग से की जाए। मूर्ति स्थल पर साफ-सफाई,प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु सुगम आवागमन मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने भीड़ प्रबंधन,सुरक्षा व्यवस्था,सीसीटीवी निगरानी एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने के भी निर्देश दिए,ताकि दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलटा सीमेंट से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉला,3 लोग दबे,एक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



हापुड़। गुरुवार की सुबह दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ततारपुर गांव के सामने सीमेंट से भरा स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉला अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार तीनों लोग उसके नीचे दबकर घायल हो गए। उपचार के दौरान एक

पुलिस ने क्रेन की मद्द से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्राला हटवाया

व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार 12 नवंबर की सुबह करीब 8:30 बजे स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉला सिकंदराबाद से सीमेंट लेकर हापुड़ की ओर आ रहा था। जैसे ही ट्रॉला दिल्ली से मुरादाबाद जाने वाली दिशा में ततारपुर गांव के सामने पहुंचा,तभी अचानक वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि तीनों लोग ट्रैक्टर के नीचे दब गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने राहगीरों की मद्द से घायलों को बाहर निकाला,घायलों की पहचान दीपक पुत्र चंद्रपाल निवासी नगला बॉयस, वाजिदपुर,थाना जरीफनगर, जिला बदायूं और अनुज पुत्र अमर सिंह निवासी एनटीपीसी दादरी, थाना जारचा,गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। तीसरे व्यक्ति की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी।

घटना स्थल पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया और तीनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां उपचार के दौरान एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने क्रेन की मद्द से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्रोला को हटवाया,जिसके उपरांत यातायात सुचारु हो सका।

नशे के खिलाफ युवाओं ने भरी हुंकार, प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो





हापुड़। युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर रखने और समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एसएसवी पीजी कॉलेज में मेरा युवा भारत हापुड़ की ओर से भाषण एवं

एसएसवी पीजी कॉलेज में मेरा युवा भारत ने कराया आयोजन, सत्यव्रत तोमर ने हासिल किया पहला स्थान

विचार प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई। ह्यनशामुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्ल विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में करीब 30 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर नशे के दुष्परिणामों और इससे बचाव के उपायों पर अपने विचार रखे। जिला यूथ ऑफिसर एकता शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन तुषार वर्मा ने किया, जबकि संचालन लक्ष्मी गोयल ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. प्रियंका दुबे, नेहा त्यागी, डॉ. वंदना वशिष्ठ, शैलजा कुमारी और शहवार नवेद शामिल रहीं। प्रतियोगिता में सत्यव्रत तोमर ने प्रथम, देव भारद्वाज ने द्वितीय और अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागियों को यूथ पार्लियामेंट में भेजा जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया गया।

इस दौरान हिमांशु प्रकाश, प्रिया सहित मेरा युवा भारत की टीम मौजूद रही।

स्वास्थ्य उत्पादों के नाम पर बीमारी के इलाज का दावा नहीं कर सकेंगी कंपनियां, एफएसडीए ने जारी किए सख्त निर्देश

लखनऊ (आरएनएस)। स्वास्थ्य पूरक और पोषण संबंधी उत्पादों के नाम पर बीमारी के इलाज, रोकथाम और नियंत्रण का दावा करने वाली कंपनियों पर उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने शिकंजा कस दिया है। अब प्रोटीन पाउडर, विटामिन-मिनरल पूरक, हर्बल उत्पाद, प्रोबायोटिक, प्रीबायोटिक और विशेष चिकित्सकीय आहार उत्पादों की गुणवत्ता के साथ उनके नाम, पैकेजिंग, लेबल, विज्ञापन और स्वास्थ्य संबंधी दावों की भी निगरानी होगी। एफएसडीए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने इस संबंध में विस्तृत आदेश जारी कर सभी संबंधित कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा के वैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।यह आदेश उत्तर प्रदेश में स्थित इकाइयों के साथ दूसरे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के उन निर्माताओं एवं आयातकों पर भी लागू होगा, जिनके उत्पाद प्रदेश में बेचे जाते हैं। ब्रांड मालिक, अनुबंध निर्माता, दोबारा लेबल लगाने और पैकिंग करने वाले कारोबारी, वितरक, थोक एवं फुटकर विक्रेता तथा ऑनलाइन बिक्री मंच भी इसके दायरे में आएंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ये सभी उत्पाद खाद्य पदार्थों की श्रेणी में आते हैं। इन्हें दवा या किसी बीमारी के उपचार के विकल्प के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।एफएसडीए की समीक्षा में उत्पादों की निर्धारित खुराक और अनुशंसित दैनिक मात्रा के उल्लंघन, अनधिकृत सामग्री, भ्रामक नाम, गलत लेबल, वैज्ञानिक प्रमाणों के अभाव तथा निर्माण एवं विपणन संबंधी नियमों की अनदेखी के मामले सामने आए हैं। नए निदेशों के अनुसार कोई भी खाद्य उत्पाद किसी बीमारी के निदान, उपचार, रोकथाम या इलाज का दावा नहीं कर सकेगा। 'डायबिटीज केयर', 'आर्थराइटिस केयर', 'किडनी केयर', 'लिवर डिटॉक्स', 'कार्डियो केयर', 'थायराइड केयर', 'ब्लड शुगर कंट्रोल' और 'डिजीज मैनेजमेंट' जैसे बीमारी आधारित नाम प्रतिबंधित रहेंगे।आदेश के तहत प्रत्येक उत्पाद की पैकेजिंग पर उसकी निर्धारित श्रेणी का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य पूरक, न्यूट्रास्यूटिकल, विशेष आहार उपयोग के खाद्य पदार्थ, विशेष चिकित्सकीय प्रयोजन के खाद्य पदार्थ, प्रोबायोटिक और प्रीबायोटिक उत्पादों के पैकेट के सामने और पीछे प्रमुख स्थान पर आवश्यक चेतावनी देनी होगी। प्रत्येक पैकेट पर मोटे अक्षरों में 'नॉट फॉर मेडिकल यूज' यानी चिकित्सकीय उपयोग के लिए नहीं, लिखना अनिवार्य होगा।उत्पादों में

स्पष्ट किया है कि कोई भी कारोबारी आपूर्ति श्रृंखला की दूसरी इकाई पर जिम्मेदारी डालकर अपने वैधानिक दायित्व से बच नहीं सकेगा

मौजूद सक्रिय पोषक तत्वों के नाम और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की अनुशंसित दैनिक मात्रा के सापेक्ष उनका प्रतिशत भी बताना होगा। सामान्य स्वास्थ्य पूरक में किसी एक पोषक तत्व की मात्रा निर्धारित दैनिक आवश्यकता के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकेगी। सामान्य पोषक तत्व संबंधी दावा करने के लिए कम से कम 15 प्रतिशत और 'हाई' या 'रिच' का दावा करने के लिए 30 प्रतिशत अनुशंसित दैनिक मात्रा होना जरूरी होगा।खिलाड़ियों के लिए तैयार किए जाने वाले विशेष आहार उत्पादों में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में शामिल पदार्थों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। स्वास्थ्य पूरक, न्यूट्रास्यूटिकल, विशेष आहार एवं चिकित्सकीय प्रयोजन के खाद्य पदार्थों तथा प्रोबायोटिक और प्रीबायोटिक उत्पादों में दवाओं, हार्मोन, स्टेरॉयड, मादक और मनःप्रभावी पदार्थों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हर्बल उत्पादों में केवल नियमन की अनुसूची-चार में अनुमत वनस्पतियों और उनके हिस्सों का ही उपयोग किया जा सकेगा। निर्माताओं को अनुमत सामग्री और उत्पाद निर्माण की विधि, प्रत्येक खेप के निर्माण एवं पैकिंग का अभिलेख, कच्चे माल और तैयार उत्पादों के विश्लेषण प्रमाणपत्र, शुद्धता, स्थिरता, उपयोग की अंतिम अवधि तथा गुणवत्ता परीक्षण से संबंधित दस्तावेज सुरक्षित रखने होंगे। दोबारा लेबल लगाने और पैकिंग करने वाले कारोबारियों को भी अंतिम उत्पाद के लेबल, पोषण संबंधी जानकारी, दावों, चेतावनियों, मूल निमार्ता और उत्पाद की खेप का पूरा विवरण सुनिश्चित करना होगा। वे उत्पाद की श्रेणी, संरचना या उपयोग में मनमाना बदलाव नहीं कर सकेंगे।पैकेट पर दर्ज दावे ही कंपनी की वेबसाइट, ऑनलाइन बिक्री मंच, सामाजिक माध्यमों और विज्ञापनों में किए जा सकेंगे। ऑनलाइन बिक्री मंचों को नियमों का उल्लंघन करने वाले उत्पादों को हटाने और उनकी बिक्री रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सभी खाद्य कारोबारियों को अपने उत्पादों और व्यावसायिक गतिविधियों की समीक्षा कर नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि कोई भी कारोबारी आपूर्ति श्रृंखला की दूसरी इकाई पर जिम्मेदारी डालकर अपने वैधानिक दायित्व से बच नहीं सकेगा। उपभोक्ताओं की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के हित में सभी संबंधित इकाइयों को इन निदेशों का पालन करना होगा।

कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेला : ईओ ने ब्रजघाट का किया स्थलीय निरीक्षण,दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़,ब्रजघाट। कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन एवं नगर पालिका पूरी तरह अलर्ट मोड में है। गुरुवार को अधिशासी अधिकारी ने ब्रजघाट पहुंचकर मेला क्षेत्र एवं घाटों की वर्तमान स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम स्नान के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा,स्वच्छता,प्रकाश,पेयजल एवं



अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में घाटों की सफाई,प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और सुरक्षा प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है

अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में घाटों की सफाई,प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और सुरक्षा प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेले में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन मेले को सकुशल,सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

गढ़ गंगा मेला-2026

डीएम व सीडीओ ने मेला स्थल,घाटों व कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज की

बुलन्द संदेश ब्यूरो





हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर। कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। गुरुवार को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने मेला स्थल, घाटों एवं कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।गुरुवार को जिलाधिकारी कविता मीना व सीडीओ श्रुति शर्मा ने गंगा मेले में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर मेला स्थल पर पहुंची। जहां उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था,पार्किंग,यातायात रूट,हेलीपैड स्थल,मंच व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा शिविर एवं श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं,तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो,इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं।

अतरौली में सेल्समैन की बहादुरी से टली बड़ी लूट, बदमाश की फायरिंग में घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अतरौली। रामघाट रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर बुधवार रात लूट के इरादे से आए बाइक सवार बदमाश को सेल्समैन की दिलेरी के कारण खाली हाथ भागना पड़ा। सेल्समैन के विरोध करने पर बदमाश ने तमंचे से फायरिंग कर दी, जिसके छर्रे लगने से वह घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, रामघाट रोड पर पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय विनोद गुप्ता के पुत्र प्रशांत गुप्ता उर्फ गोलू का पेट्रोल पंप स्थित है। बुधवार रात करीब 10 बजे पंप पर सेल्समैन देवीशरण अपने चार अन्य साथियों के साथ ड्यूटी पर थे। इसी बीच एक संदिग्ध युवक बाइक से वहां पहुंचा और अपनी बाइक पंप के पास सिंचाई विभाग कार्यालय की ओर जाने वाले रास्ते पर खड़ी कर पैदल ही पंप की तरफ आने लगा।

युवक की गतिविधियों पर शक होने के कारण सेल्समैन देवीशरण पहले ही सतर्क हो गए थे। पास पहुंचते ही बदमाश ने देवीशरण को धमकाते हुए 50 हजार रुपये की मांग की। इस पर देवीशरण ने घबराने के बजाय पास रखा डंडा उठाया और 'चोर-चोर' का शोर मचाते हुए बदमाश पर फेंक मारा।



खुद को घिरता देख बदमाश ने तमंचे से गोली चला दी। गोली के छर्रे पैर में लगने से देवीशरण लहूलुहान हो गए। फायरिंग की आवाज और शोर-शराबा सुनकर पास के ढाबे के कर्मचारी और अन्य सेल्समैन मदद के लिए दौड़े। लोगों को आता देख बदमाश अपनी बाइक लेकर फरार हो गया।

सूचना मिलते ही पंप स्वामी प्रशांत गुप्ता और कोतवाल सुरेंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायल सेल्समैन देवीशरण को उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घायल सेल्समैन का कहना है कि बदमाश ने भागने की आसानी के लिए ही बाइक को रास्ते में खड़ा किया था

". बयान कोतवाल अतरौली पंठप पर लूट की कोई वारदात नहीं हुई है। एक नशेड़ी युवक तमंचा लेकर वहां पहुंचा था और धमकाने के दौरान गोली चला दी, जिससे कर्मचारी घायल हुआ है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।"

– सुरेंद्र पांडेय, कोतवाल

ट्रेन की चपेट में बुजुर्ग की मौत



बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। थाना गांधी पार्क क्षेत्र के पाल फाटक पर ट्रेन की चपेट में आने से 80 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपचंद पुत्र कल्याण सिंह निवासी अवतार नगर, गली नंबर 2, थाना सासनी गेट, अलीगढ़ के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर थाना गांधी पार्क पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लापरवाही पर अतरौली थाना प्रभारी निलंबित



बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। लापरवाही और रात्रि पुलिसिंग में गंभीरता न दिखाना अतरौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार पांडेय को भारी पड़ गया। एसएसपी नीरज जादौन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

भाजपा ने ब्रज क्षेत्र के विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी की, अलीगढ़ की सभी सीटों पर बाहरी नेताओं को जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। चुनावी तैयारियों के बीच भाजपा ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ब्रज क्षेत्र के विधानसभा प्रभारियों की नई सूची जारी की है। इस सूची में अलीगढ़ की सातों विधानसभा सीटों पर नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। खास बात यह है कि पार्टी ने अलीगढ़ की सभी सीटों पर स्थानीय नेताओं के बजाय दूसरे जिलों के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।अलीगढ़ की सातों सीटों पर बाहरी नेताओं को जिम्मेदारी*



भाजपा की नई सूची के अनुसार, खैर विधानसभा सीट पर सचिन उपाध्याय, बरौली में भरत राजपूत, अतरौली में रूपेश उपाध्याय, छर्रा में केपी सिंह सोलंकी और इगलास में महीपाल सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, कोल विधानसभा सीट की जिम्मेदारी रामजीलाल और अलीगढ़ विधानसभा सीट की जिम्मेदारी हरिशंकर राणा को सौंपी गई है।अलीगढ़ के सात नेताओं को दूसरे जिलों में भेजा

पार्टी ने अलीगढ़ के नेताओं को भी दूसरे जिलों में संगठनात्मक जिम्मेदारी दी है। सुनील पांडेय को सिकंदराराऊ, देवराज सिंह को सादाबाद, सत्या सिंह को गोवर्धन, हरिशंकर गौड़ को बलदेव, मानव महाजन को मांट, रीता राजपूत को फिरोजाबाद और अवध बघेल को एटा विधानसभा सीट का प्रभारी बनाया गया है।प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की सहमति से जारी इस सूची के तहत नवनियुक्त प्रभारियों को संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने, कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और चुनावी तैयारियों को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है।

बेटी की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे दंपती से लूट, पति पर ईंटों से हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र में बेटी की शादी के कार्ड बांटकर भाईदूज पर ससुराल से लौट रहे दंपती से बदमाशों ने लूटपाट की।

बन्नादेवी के बरौला जाफराबाद निवासी प्रेमकुमार बैटरीकारोबारी हैं। 11 नवंबर को वह पत्नी रेखा देवी के साथ गंगीरी स्थित ससुराल गए थे। 24 नवंबर को बेटी की शादी के कार्ड बांटकर देर शाम बाइक से लौट रहे थे। जीटी रोड से धनीपुर एयरपोर्ट के पास याकूतपुर गांव वाले शॉर्टकट मार्ग पर चल दिए।याकूतपुर पुलिया से 200 मीटर आगे कायमपुर रोड पर बाइक का सामान ढीला होने पर



दोनों रुके। तभी खेतों से दो बदमाश आए। एक ने प्रेमकुमार के सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। दूसरे ने पत्नी का मुंह दबाकर मंगलसूत्र, मोबाइल और पर्स में रखे 2-3 हजार रुपये लूट लिए। करीब 30 मिनट तक धमकाने के बाद बदमाश खेतों के रास्ते फरार हो गए।घायल दंपती निजी अस्पताल पहुंचे। प्रेमकुमार के सिर में कई टांके आए हैं। सूचना पर एसएसपी नीरज जादौन ने रात में घटनास्थल का निरीक्षण किया। महुआ खेड़ा थाने में दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच एसआई ओमदत्त मिश्रा को सौंपी गई है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के संबंध में जन सेवा केंद्र संचालकों को दिया गया प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदकों द्वारा एक से अधिक बार आवेदन किए जाने से उत्पन्न होने वाली बहु प्रविष्टियों की समस्या के निराकरण के लिए गुरुवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं नोडल अधिकारी, सीएससी सौरभ भट्ट के निर्देशन में जिले के समस्त जन सेवा केंद्र संचालकों को वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सीएससी संचालकों को फॉर्म-6 भरते समय निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से आवेदक का वास्तविक एवं सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करने, आधार ई-साइन के उपरांत आवेदन का अंतिम सबमिशन सुनिश्चित करने और प्राप्त होने वाले रेफरेंस नम्बर को सुरक्षित रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

यह भी बताया गया कि केवल एसएमएस प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन को असफल नहीं माना जाना चाहिए। आवेदन सफलतापूर्वक जमा



होने पर स्क्रीन पर प्रदर्शित होने वाले रेफरेंस नंबर का स्क्रीनशॉट अथवा विवरण आवेदक को उपलब्ध कराया जाए, जिससे एक ही व्यक्ति के लिए बार-बार फॉर्म-6 भरने की स्थिति से बचा जा सके।

प्रशिक्षण में आवेदन भरते समय सही नाम, पूर्ण डाक पता एवं पिन कोड दर्ज करने तथा अंतिम सबमिशन से पूर्व आवेदक से समस्त विवरणों का सत्यापन कराने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही तकनीकी समस्या अथवा आवेदन की स्थिति की जानकारी के लिए मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 एवं ५ङ्म३१२ॅ्रङ्म५ल्ल का उपयोग करने की जानकारी भी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डुप्लीकेट आवेदनों को रोकना, मतदाता सूची में एक से अधिक प्रविष्टियों की समस्या का प्रभावी निराकरण करना तथा त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता नामावली तैयार करने में सीएससी संचालकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना है। प्रशिक्षण में जन सेवा केंद्र संचालकों के अलावा एडीएम प्रशासन सौरभ भट्ट, ईडीएम मनोज राजपूत और सीएससी कार्यदाई संस्था के जिला इंचार्ज नरोत्तम सिंह उपस्थित रहे।

शिक्षा योजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक 26 नवंबर को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर 26 नवंबर को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक होगी। मंडलायुक्त ओपी आर्य की अध्यक्षता में यह बैठक सर्किट हाउस सभागार में अपराह्न तीन बजे आयोजित की जाएगी।



संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप बैठक में शिक्षा विभाग के 30 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा होगी। इसमें आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, समग्र शिक्षा अभियान, निपुण भारत योजना, पीएम श्री योजना, पीएम पोषण योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण भोजन, प्रोजेक्ट अलंकार, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, यू-डाइस अपडेशन, शिक्षकों के वेतनमान, एरियर व सेवानिवृत्ति देयों तथा कस्तूरबा विद्यालयों की प्रगति पर चर्चा होगी।बैठक में मंडल के सभी डीआईओएस, बीएसए, बीईओ, डायट प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

सिंचाई बंधु की बैठक में किसानों की समस्याओं पर मंथन, 15 दिन में निस्तारण के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। जिला पंचायत प्रशासक विजय सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सिंचाई बंधु की बैठक आयोजित की गई। इसमें किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध कराने, नहरों की सफाई, टेल तक पानी पहुंचाने और रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन को लेकर समीक्षा की गई। बैठक का संचालन अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार ने किया।जिला पंचायत प्रशासक ने मध्य गंगा नहर के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जरूरत के अनुसार समय से पानी उपलब्ध कराया जाए। नलकूप संख्या-134 धनीपुर की खराब मोटर लंबे समय से वर्कशॉप में लंबित मिलने पर तत्काल मरम्मत कर नलकूप चालू कराने के निर्देश दिए।



बैठक में किसान नेता चौधरी नवाब सिंह ने ग्राम बाबूपुर में बंदरों के आतंक का मुद्दा उठाया। वन विभाग का सक्षम अधिकारी अनुपस्थित रहने पर प्रशासक ने नाराजगी जताते हुए पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

मंगलायतन विश्वविद्यालय के 257 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। मंगलायतन विश्वविद्यालय के 257 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में जॉब के लिए चयन अवसर मिले हैं। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है।



प्लेसमेंट प्रक्रिया में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, फार्मेसी आदि के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का चयन क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया प्राइवेट लिमिटेड, पावना इंडस्ट्रीज लिमिटेड, लर्निंग रूट्स, एमकेयर फार्मा, हाइक एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, शेखर सर्राफ हॉस्पिटल, बैंको प्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, न्यू एलेनबेरी वर्क्स जैसे प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी और व्यावहारिक कौशल से दक्ष बनाना है। इसके लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ रोजगारपरक प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और शैक्षणिक तैयारी का परिणाम है। विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र में संस्थान का नाम रोशन करें। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डा. लव मित्तल ने बताया कि विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नियमित रूप से मॉक इंटरव्यू, सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण और तकनीकी कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। प्लेसमेंट अधिकारी डा. विपिन कुमार व ट्रेनर राहुल शर्मा ने बताया कि कंपनियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

24 दरोगाओं के भी किए गए तबादले, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

रात्रि पुलिस गश्त में लापरवाही पर एसएसपी की बड़ी कार्रवाई, अतरौली थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार पाण्डेय जी को किया निलंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अतरौली (अलीगढ़)। जनपद अलीगढ़ में रात्रि पुलिस गश्त में लापरवाही बरतने के मामले में एसएसपी ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। रात्रि गश्त में लापरवाही सामने आने पर अतरौली थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल करते हुए 24 दरोगाओं के तबादले भी किए गए हैं।

एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों की ओर से रात्रि गश्त और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी तय की जा रही है।



इस कार्रवाई को पुलिसिंग में लापरवाही के प्रति सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में भी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है।

अतरौली थाना प्रभारी के निलंबन की खबर से क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल है।

अनुष्ठान

गौसेवा बिना अधूरा है हर अनुष्ठान : स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज

कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ दस दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ। धर्म और आध्यात्म में सरोवार गत वर्षों की भांति इस बार भी खैर रोड स्थित लोधा में श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ एवं सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आरंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

गुरुवार प्रातःकालीन बेला में लोधा में बड़े धूमधाम के साथ कलश यात्रा संपन्न की गयी। कलश यात्रा का शुभारंभ वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज, हितैषी बाबा,कथा व्यास शिवम जी,एमएलसी विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह एवं जीवन ज्योति कॉलेज के संस्थापक डॉ राजेश्वर चौधरी द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

पीत वस्त्रों के साथ सर पर जल कलश लेकर गौ सम्मान आह्वान अभियान के बैनर तले भजनो पर थिरकते हुए सभी ग्रामवासियों ने गाँव की परिक्रमा लगाई एवं श्रीमद भागवत कथा की पोथी को मुख्य यजमान धर्मेन्द्र सिंह वं गुड़िया देवी ने मस्तक पर रखकर हरिनाम संकीर्तन के साथ नंगे पैर कथा पांडाल पर विश्राम दिया।



वतौर मुख्य अतिथि कलश यात्रा में पधारे स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने वहाँ मौजूद भक्तों की भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल कलश स्वरूप में देवताओं को नगर भ्रमण किसी भी आयोजन से पहले करने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है, इसी का प्रतिनिधित्व करते हुए आस्था और धार्मिक आयोजनों का प्रतीक बन चुका गाँव लोधा में प्रतिवर्ष भगवान की आराधना की जाती है। गौ रक्षा के लिए चल रहे हस्ताक्षर अभियान को लेकर स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने बताया कि जिन देवताओं की पूजा एवं आराधना के लिए यह विशाल आयोजन किया जा रहा है उनके सम्पूर्ण भरण पोषण का कार्य एक मात्र गौ माता करती है, लेकिन हम सभी सनातन प्रेमियों के लिए दुर्भाग्य का विषय है कि विश्व की माता आज अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही है और हम मूक बधिर होकर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी शुल्क के केवल हस्ताक्षर के माध्यम से सरकार के समक्ष अपना निवेदन ज्ञापित करना है कम से कम इसके लिए सभी सनातनियों को आगे आना होगा। हस्ताक्षर अभियान से सम्बंधित दस्तावेजों को कथा पांडाल में भी रख दिया गया है जिसमें प्रतिदिन आने वाले भक्तों द्वारा हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।

एमएलसी विधायक मानवेन्द्र प्रताप ने बताया कि लोधा गाँव की जनता देवतुल्य है कि प्रतिवर्ष ऐसे धार्मिक आयोजन इनके द्वारा किये जा रहे हैं।उन्होंने दूसरी बार निर्वाचित होने पर अपनी जीत का भी आभार व्यक्त किया।

ब्लॉक प्रमुख अकराबाद ठा. राहुल सिंह ने कहा कि लोधा गाँव मात्र गाँव नहीं है बल्कि सनातन प्रेमियों का देवालय भी बन चुका है क्योंकि प्रति वर्ष धार्मिक आयोजनों गंगा यहाँ बहाई जा रही है और पूज्य गुरुदेव जैसे संतों के आशीर्वाद का भी सौभाग्य मिल रहा है।

सांयकालीन बेला में श्रीमद भागवत कथा की महिमा का वर्णन कथा व्यास शिवम जी ने अपने मुखारविंद से किया। इस अवसर पर आचार्य गौरव शास्त्री, रवि शास्त्री,विनीत शास्त्री,धीरू ठाकुर, शीलू ठाकुर, कन्हैया सिंह, ऋषभ सिंह, सौरभ शर्मा, उमेश सिंह शंकरपाल सिंह, कुशल पाल सिंह गिरिराज सिंहशीलू प्रधान, धीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, गौरव सिंह, रामवीर सिंह, दुर्जन सिंह, रुद्र प्रताप सिंह मनीष प्रताप सिंह विशाल सिंह, अभिनन्दन सिंह,लहोसरा, पुनीत सिंह गोपीचंद शर्मा देवेश सिंह आकाश सिंह, भगवान सिंह, धनीराम, इंद्र कुमार सिंह विकास सिंह, विनोद सिंह, लोकेश सिंह सहित सैंकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

बीज की कमी, एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर भाकियू हरपाल गुट का धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट ने गुरुवार को



उद्यान पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने गेहूं के बीज की कमी, एमएसपी, सरकारी खरीद और कृषि उत्पादों पर जीएसटी समाप्त करने सहित कई मांगें उठाईं। बाद में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।धरने की अध्यक्षता महानगर प्रभारी रोहतास ने की। किसानों ने कहा कि सहकारी समितियों पर बुवाई के लिए पर्याप्त बीज उपलब्ध नहीं है, जिससे बुवाई में परेशानी हो रही है। समितियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में लाभकारी एमएसपी, सरकारी खरीद, कृषि उत्पादों पर जीएसटी समाप्त करने, किसान सम्मान निधि बढ़ाने और गरीबों की पेंशन तीन हजार रुपये करने की मांग शामिल रही। यूपीआई से दो हजार से अधिक लेनदेन पर 5% शुल्क समाप्त करने की भी मांग की गई।धरने में एक दिसंबर को जनकपुर के लिए बरात ले जाने और 10 दिसंबर को लखनऊ ईको गार्डन में प्रदेशस्तरीय धरने का प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. हरपाल सिंह, महिला जिला अध्यक्ष सरस्वती दीक्षित सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

एटीएम तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाला शातिर गिरफ्तार, 1.1 किलो गांजा बरामद

लखनऊ (आरएनएस)। आशियाना पुलिस ने एटीएम तोड़कर रुपये चोरी करने का प्रयास करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एटीएम तोड़ने में इस्तेमाल होने वाले औजारों के साथ एटीएम से निकाले गए कीबोर्ड, कैमरा और तार बरामद हुए हैं।

पुलिस ने उसके पास से एक किलो 100 ग्राम अवैध गांजा भी बरामद किया है।पुलिस के मुताबिक, 10 और 11 नवंबर की मध्यरात्रि आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर-एन स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को अज्ञात चोर ने तोड़कर रुपये चोरी करने का प्रयास किया था। इसी दौरान पुलिस वाहन का हूटर सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गया था। इस मामले में बाराबंकी निवासी अरविंद कुमार शुक्ला की तहरीर पर आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।पुलिस ने 11 और 12 नवंबर की मध्यरात्रि करीब 12:50 बजे गश्त के दौरान रोशन सिंह पुत्र स्वर्गीय प्रमोद कुमार उर्फ अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

उसके पास से एटीएम तोड़ने में इस्तेमाल होने वाली लोहे की रॉड, पाइप और अन्य सामान के अलावा एटीएम का कीबोर्ड, कैमरा व तार बरामद किए गए।

तलाशी में एक किलो 100 ग्राम गांजा भी मिला।गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से झारखंड के पलामू जिले के चपला हुसैनाबाद गांव का निवासी है और वर्तमान में सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अमौसी स्थित कैलाश विहार में किराये के मकान में रह रहा था।

हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बदायूं । जिले के दातागंज में रामलीला मेले के दौरान युवक की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी वारिस को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार तड़के अलापुर थाना क्षेत्र में रमजानपुर पुलिया के पास हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी वारिस के दोनों पैरों में गोली लगी। वहीं, आरोपी की ओर से की गई फायरिंग में एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

रमजानपुर पुलिया के पास पुलिस ने की घेराबंदी

पुलिस के मुताबिक, रोहित हत्याकांड के बाद से मुख्य आरोपी वारिस फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। बृहस्पतिवार तड़के पुलिस को आरोपी के अलापुर थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने रमजानपुर पुलिया के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस का कहना है कि खुद को घिरता देख वारिस ने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के दोनों पैरों में लगी, जिससे वह घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान एक आरक्षी भी घायल हुआ। इसके बाद पुलिस ने वारिस को गिरफ्तार कर लिया।



खिलौने की कीमत को लेकर हुआ था विवाद

दातागंज थाना क्षेत्र के गांव बेहटा माधौ निवासी 25 वर्षीय रोहित सात नवंबर को अपने दोस्त रितिक के साथ दातागंज में आयोजित रामलीला मेला देखने गया था। मेले के मीना बाजार में खिलौने की दुकान पर कीमत को लेकर रोहित और दुकानदार रईस अहमद व उसके बेटे वारिस के बीच कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने रोहित और उसके दोस्त रितिक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में रोहित की मौत हो गई, जबकि रितिक गंभीर रूप से घायल हो गया। मेले में हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई थी।

पिता पहले ही गिरफ्तार, बेटे पर घोषित था 50 हजार का इनाम

हत्याकांड के बाद पुलिस ने आठ नवंबर को आरोपी दुकानदार रईस अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, मुख्य आरोपी वारिस घटना के बाद से फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई थीं। लगातार दबिश के बावजूद वारिस के पुलिस की पकड़ में नहीं आने पर डीआईजी की ओर से उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई थी।

एसएसपी बोलीं- पुलिस पर फायरिंग के बाद हुई जवाबी कार्रवाई

एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि रोहित हत्याकांड में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी वारिस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बृहस्पतिवार तड़के अलापुर क्षेत्र में रमजानपुर पुलिया के पास पुलिस ने उसकी घेराबंदी की थी। एसएसपी के अनुसार, गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में वारिस के दोनों पैरों में गोली लगी। मुठभेड़ में एक आरक्षी भी घायल हुआ है। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

कांठ की सब्जी मंडी में लगा शीतल जल प्याऊ गंदगी से घिरा: शराबियों का बना ठिकाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपए की लागत से नगर में शीतल जल प्याऊ लगवाए हैं ' लेकिन अनेक शीतल जल प्याऊ ठप पड़े हैं' और शोपीस बनकर रह गए हैं' नगर की सब्जी मंडी में स्थापित शीतल जल प्याऊ अब शराबियों के काम आ रहा हैं उसके



आसपास लगे गंदगी के अंबार से भी आम आदमी पानी पीने में हिचक रहे हैं। सरकार ने लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए जगह-जगह शीतल जल प्याऊ स्थापित कराए है जिस पर आने जाने वाले लोग बड़े आराम से ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास को शांत कर लेते थे मगर यह प्याउ अंदेखी के शिकार होते-होते अब गंदगी के शिकार भी हो गए गंदगी के चलते आम जन ने इनके पास पानी पीने जाना कम कर दिया तो इसका सीधा लाभ शराबियों को होने लगा वहीं से पानी भरो और दो घूंट लगाने के बाद वही गिलास छोड़े जाने लगे, विभाग की उदासीनता बढी तो वहां पर पानी का लिकिज होने के कारण गंदगी बढ़ने लगी अब हालात यह है कि काफी प्याऊ तो बंद पड़े हैं और काफी प्याऊ के पास गंदगी का अंबार लगा है जिसकी वजह से सरकार का लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने का अभियान फेल हो गया है'लोगों ने बंद प्याऊ को चालू कराने और गंदगी को प्याऊ के पास से हटवाए जाने की मांग उठाई है। अब देखना है इस पर कारवाई कब होती है।

अगवानपुर ओवरब्रिज व आशियाना रोड 1.61 करोड़ रुपये से होगी "जगमग"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। शहर की दो प्रमुख सड़कों पर रात का सफर आसान और रोशन बनाने के लिए एमडीए करीब 1.61 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

आज खोला जाएगा टेंडर

आशियाना योजना स्थित आंबेडकर पार्क से रामगंगा विहार के वेव मॉल तक 24 मीटर चौड़े मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था के लिए 87.02 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है।

मुरादाबाद-कांठ मार्ग पर अगवानपुर स्थित ओवरब्रिज की प्रकाश व्यवस्था मजबूत करने पर 73.98 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।आशियाना से वेव मॉल तक के मार्ग पर तीन मीटर लंबे विशेष



खंभे लगाकर 45 वाट की सजावटी एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। इनके लिए मजबूत आधार और फाउंडेशन तैयार किया जाएगा।बिजली आपूर्ति के लिए 1100 वोल्ट क्षमता की आर्मर्ड केबल जमीन के भीतर बिछाई जाएगी। इसके एचडीपीई पाइप, अर्थिंग और स्वचालित स्ट्रीट लाइट कंट्रोल पैनल लगाने का प्रावधान भी है। केबल डालने के दौरान सड़क की कटाई और मरम्मत का काम भी इसी परियोजना में शामिल है।अगवानपुर ओवरब्रिज पर मौजूदा पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके लिए 73,98,187 रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

काम पूरा करने के लिए 120 दिन की समय

सीमा रखी गई है। एमडीए वीसी अनुभव सिंह ने बताया कि दोनों कार्यों के लिए दो नवंबर निविदाएं जारी हुई थीं। 12 नवंबर शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे और 13 नवंबर को टेंडर खोला जाएगा।

शिक्षक संघ ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी को गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक ब्लॉक छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व

डॉ, कपिल सिरोही ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया ' प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया 'ओ पी एस (डढर) योजना से आच्छादित शिक्षकों की वर्ष 2024- 25 व 2025- 2026 की लेखा पर्ची का शीघ्र वितरण कराने, के डी ए (महंगाई भत्ता) एरियर 2% (58 %से 60%), व बोनस वित्तीय वर्ष 2024-25 के बिल तैयार कराकर शीघ्र



कार्यालय वित्त एवं लेखा अधिकारी,बेसिक शिक्षा, मुरादाबाद भेजने,31 मार्च 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों के वेतन से सामूहिक बीमा धन राशि ?87 रुपए प्रतिमाह की गयी कटौती की धनराशि वापसी,शिक्षकों की व्यक्तिगत समस्याओं, सेकंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया ' खंड शिक्षा अधिकारी ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए सभी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिशा निर्देश दिए ।प्रतिनिधि मंडल में हेतराम सिंह, , हरवीर सिंह,दुष्यंत यादव, समेंद्र सिंह,विघ्नेश चंद्र कौशिक, प्रियंका चौधरी, मधुबाला चौहान,कंचन चौरसिया, रिजवान अहमद,मेघराज सिंह,लोकेंद्र सिंह मनीष कुमार, विवेक कुमार,प्रभास उज्जवल,मोहम्मद जावेद, मोहम्मद जुल्फिकार, जितेंद्र पाल सिंह,राजू गौतम आदि कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा हाई कमान ने" डॉ, बीरबल सिंह को बनाया कांठ विधानसभा" क्षेत्र का प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। विधानसभा चुनाव की भाजपा जोर-शोर से तैयारी कर रही भाजपा ने मंडल में 27 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी घोषित कर दिए गए हैं। हर जिले से पदाधिकारियों को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महेंद्र धनौरिया को मुरादाबाद नगर और ओमवीर खड़गवंशी को देहात सीट का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश कार्यालय से बुधवार देर रात जारी सूची के मुताबिक डॉ. बीरवल सिंह को कांठ, राजकुमार चौहान को ठाकुरद्वारा, अभय गुप्ता को कुंदरकी और पंकज गुप्ता को बिलारी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा मुरादाबाद जिले से संजय शर्मा, राहुल शर्मा, डॉ. विशेष गुप्ता, दिनेश सिसौदिया, राकेश सिंह, राकेश सिंह, राजन विश्नोई, सुरेश सैनी को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संक्षिप्त समाचार

स्पीड पोस्ट से घर पहुंचेंगे "मतदाता पहचान पत्र"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। मतदाता सूची में नाम जुड़ने के बाद मतदाता पहचान पत्र के लिए अब महीनों इंतजार नहीं करना होगा। चुनाव आयोग ने इसकी समय सीमा तय कर दी है। मतदाता सूची में अक्तूबर 2025 से 28 जुलाई 2026 तक जिन मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, उन्हें नवंबर के अंत तक पहचान पत्र मिल जाएगा ।28 जुलाई के बाद नाम जुड़वाने वाले और 30 नवंबर तक सूची में शामिल होने वालों को 31 दिसंबर तक मतदाता पहचान पत्र स्पीड पोस्ट से पहुंचा दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की ओर से इसके निर्देश दिए गए हैं । आगे जिन लोगों के नाम जोड़े जाएंगे, उन्हें 15 दिनों में मतदाता पहचान पत्र पहुंचाने की तैयारी है। यहां बता दें कि एसआईआर की 166 दिनों तक चली प्रक्रिया, 90 लाख से ज्यादा नए मतदाताओं के नाम जुड़ने और छपाई के लिए टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण यह समस्या सामने आई थी।



मुरादाबाद में कांग्रेस प्रवक्ता की बहन के "गले से महिलाओं ने पार की "सोने की चेन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। गलशहीद थानाक्षेत्र में बुधवार की शाम करीब चार बजे भाईदूज मनाकर लौट रही शिक्षिका के गले से तीन महिलाओं ने ऑटो में सोने की चेन उड़ा ली। इसे बाद आरोपी महिलाएं उतर गईं।जानकारी मिलने पर पुलिस आरोपी महिलाओं की तलाश में जुट गई है। पुलिस शहर में स्मार्ट सिटी के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। मझोला के लाइन पार हनुमान नगर निवासी कविता शर्मा मूंढापांडे ब्लॉक क्षेत्र के सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। कविता शर्मा के भाई एवं कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सुधीर पाठक कटघर में रहते हैं। बुधवार को वह अपने भाई के घर कटघर गई थीं और भाईदूज मनाने के बाद घर लौट रही थीं।कविता प्रभात मार्केट से ऑटो में बैठी थीं। इसके बाद इसी ऑटो में तीन महिलाएं गलशहीद क्षेत्र में रोडवेज बस अड्डे से सवार हो गईं। एक महिला की गोद में बच्चा था। यह महिलाएं इंपीरियल तिराहे के पास उतर गईं।कुछ दूर चलने के बाद कविता को पता चला कि उनके गले से सोने की चेन गायब है। शिक्षिका ने ऑटो वाले के साथ महिलाओं की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। इसकी जानकारी मिलने पर कविता के परिजन भी आ गए और गलशहीद थाने में तहरीर दी। कविता का कहना है कि ऑटो में बैठी महिलाएं ही उनकी चेन ले गई हैं। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से महिलाओं के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।



त्रिवेणी नगर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन, सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

लखनऊ (आरएनएस)। राजधानी के त्रिवेणी नगर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा आमजन को बेहतर पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवनिर्मित पुलिस चौकी का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। पुलिस उपायुक्त मध्य अर्पित विजयवर्गीय ने अपर पुलिस उपायुक्त मध्य जितेन्द्र कुमार दुबे और सहायक पुलिस आयुक्त महानगर अंकित कुमार की मौजूदगी में फीता काटकर चौकी का शुभारंभ किया।इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि नई पुलिस चौकी की स्थापना से क्षेत्र में पुलिस की पहुंच और सक्रियता बढ़ेगी। नियमित गश्त, निगरानी और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी। इससे महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।अधिकारियों ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करना भी है। पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण तैयार करना लखनऊ पुलिस की प्राथमिकता है।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए कि चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनी जाए तथा नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर स्थानीय नागरिकों से संवाद और समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।उद्घाटन समारोह में मौजूद स्थानीय नागरिकों और गणमान्य लोगों ने नई पुलिस चौकी की स्थापना पर प्रसन्नता जताते हुए इसे क्षेत्र की सुरक्षा और जनसुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

गाली देने पर युवक पर किया जानलेवा हमला, तमंचे से झोंका फायर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली। गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को इतना भारी पड़ गया कि दबंग ने सीधे तमंचा निकालकर उस पर गोली चला दी। अचानक हुए जानलेवा हमले से युवक की जान पर बन आई, लेकिन गोली उसे छूकर भी नहीं निकली। जान बचने के बाद युवक ने आरोपी से तमंचा छीनने की कोशिश की तो हाथापाई में उसकी उंगली भी जख्मी हो गई। मामला बारादरी थाना क्षेत्र के गंगापुर का है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है।

रिश्तेदारी में जा रहा था युवक, रास्ते में शुरू हुई गाली-गलौज

नई बस्ती माधोबाड़ी निवासी अनुराग पुत्र तेजपाल ने पुलिस को बताया कि वह गंगापुर स्थित अपने रिश्तेदारों के यहां जा रहा था।

इसी दौरान रिश्तेदार की गली में मठिया के पास रहने वाला निखिल पुत्र पप्पू उसे मिल गया।

आरोप है कि निखिल ने बिना किसी बात के उसे गालियां देना शुरू कर दिया। अनुराग ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी आगबबूला हो गया।

विरोध करते ही निकाला तमंचा, जान से मारने की नीयत से चलाई गोली

आरोप है कि गाली देने से रोकने पर निखिल ने तमंचा निकाल लिया और अनुराग पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। अचानक चली गोली से युवक सहम गया, लेकिन किस्मत अच्छी थी कि गोली उसे नहीं लगी। हमले के बाद अनुराग ने आरोपी के हाथ से तमंचा छीनने की कोशिश की। इस दौरान दोनों के बीच छीना-झपटी हुई, जिसमें अनुराग की उंगली में चोट आ गई।

तमंचे से फायरिंग के मामले में नामजद एफआईआर

घटना के बाद अनुराग ने बारादरी थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी और निखिल के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गाली देने से रोकने पर युवक पर तमंचे से गोली चलाने की इस घटना ने इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हड़कंप

जादू टोना और तंत्र-मंत्र के आशंका एवं ग्रामीणों में संदेह

तीन मासूम बच्चों की संदिग्ध मौत से गांव से लेकर जिले तक प्रशासनिक हल्कों में हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी के मलिहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खंडसरा गांव में एक हृदयविदारक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की सिलसिलेवार संदिग्ध मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

इस दर्दनाक घटना ने मलिहाबाद से लेकर लखनऊ तक प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। पीड़ित परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूटा है कि घर में कोहराम मचा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के तीन बच्चों ने महज तीन दिनों के भीतर दम तोड़ दिया। बच्चों के नाना किशन कुमार ने बताया की 9 नवंबर को खेलते समय अचानक देवांश 3 वर्ष गिर पड़ा इसके बाद अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई है उसके दूसरे दिन कार्तिक 7 वर्ष के भी उसी स्थिति में खेलते समय गिर गया और उसके मुंह से खून निकला जिसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई इन दोनों का बिना पोस्टमार्टम कारण अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 11 नवंबर की रात लक्ष्मी 10 वर्ष को अचानक बुखार आया जिसे सेवार्थ अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। तीसरी बच्ची की मौत के बाद परिवार को तरह-तरह के आशंकाएं होने लगी और उसने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी





मौके पर पहुंची पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने के लिए शव को कब्जे में लेकर भेज दिया। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश और गहरी चिंता व्याप्त है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल के अधीक्षक धनंजय कुशवाहा ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट मिलने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चलेगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने जादू टोने और तंत्र-मंत्र की भी आशंका जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की इस उदासीनता के कारण समय पर उचित चिकित्सकीय देखरेख नहीं मिल पाई।

खड़ंसरा गांव के पीड़ित परिवार और आक्रोशित ग्रामीणों की मांग है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, बच्चों की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा करने के साथ-साथ पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

सुपरवाइजरों को दिए दिशा निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर। उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कन्नौजिया ने विधानसभा निर्वाचन कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की और सुपरवाइजरों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहे 8 सुपरवाइजरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह समीक्षा बैठक गुरुवार दोपहर एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील सभागार में हुई। इसमें बूथों पर की जा रही कार्यवाही की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।इस बैठक में तहसीलदार अक्षय कुमार और नायब तहसीलदार लोकेश कुमार सहित विधानसभा क्षेत्र के अनेक सुपरवाइजर उपस्थित रहे।आठ सुपर वाइजरों ने इस बैठक में भाग नहीं लिया।बैठक के उपरांत गैर-हाजिर रहे इन 8 सुपरवाइजरों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।इनसुपर वाइजरों में अतुल कुमार मिश्रा, दीपक जैन, शुभम कुमार, कमल कुमार, विपिन कुमार, विजय सेन, खालिद मोहम्मद व अंकुर कुमार शामिल हैं। नोटिस में अनुपस्थिति को निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों की अवहेलना बताया गया है और 3 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।एसडीएम कन्नौजिया ने बताया कि 8 सुपरवाइजरों के अनुपस्थित रहने के कारण उनके बूथों की प्रगति की समीक्षा नहीं हो सकी और बैठक प्रभावित हुई। इस कारण नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

ट्यूबवेल से केबिल चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना। गांव भमौरी में ट्यूबवेल से बिजली की केबिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई

चोरी की जली हुई केबिल, तमंचा और कारतूस बरामद, वारदात में इस्तेमाल बाइक भी मिली

जली हुई केबिल, एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार, गांव भमौरी निवासी रोली सिंह ने 11 नवंबर को थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके ट्यूबवेल से अज्ञात चोर बिजली की केबिल चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने गांव के ही अमित, विपिन और रोहित के चोरी में शामिल होने की जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।बृहस्पतिवार को चेकिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान अमित पुत्र मामचन्द्र, विपिन पुत्र धर्मपाल और रोहित पुत्र



शिवचरण निवासी गांव भमौरी के रूप में हुई।पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की जली हुई केबिल, .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विपिन के खिलाफ मुजफ्फरनगर जिले के अलग-अलग थानों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट और अवैध हथियार रखने के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया खाता खोलने का शिविर, लोगों को दी बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कोटा। अनंतपुरा क्षेत्र के केसर विहार स्थित मदरसा जामिया हुस्न-ए-तारा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विज्ञान नगर शाखा की ओर से आमजन को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से खाता खोलने का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में खाते खुलवाने में रुचि दिखाई।



शिविर में बैंक के ग्राहक सेवा प्रतिनिधि मनीष कुमार एवं हेमंत सेन ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिविर में ही लोगों के बैंक खाते खोले गए तथा उन्हें बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

मदरसा संचालक मुफ्ती शमीम अशरफ ने बताया कि आमजन को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दिलाने और अधिक से अधिक लोगों को बैंक से जोड़ने के लिए भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर ओमान खान, आदिल हाशमी, नौशाद खान, कारी आशिक रजा सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। अंत में मुफ्ती शमीम अशरफ ने शिविर में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

16वें अखिल भारतीय शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में नई दिल्ली में AIEM की महत्वपूर्ण बैठक

नई दिल्ली । अखिल भारतीय शैक्षिक आंदोलन (AIEM) सचिवालय की एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक नई दिल्ली स्थित इसके केंद्रीय कार्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 16वें अखिल भारतीय शैक्षिक सम्मेलन के



प्रबंधन और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

दो दिवसीय यह राष्ट्रीय सम्मेलन 28 और 29 नवंबर, 2026 को लखनऊ के इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का मुख्य विषय "समावेशन, उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा" है।

इस उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता AIEM के अध्यक्ष और हैदराबाद स्थित MANUU (मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी) के पूर्व प्रो-वाइस-चांसलर डॉ. ख्वाजा एम. शाहिद ने की। बैठक में संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें AIEM के महासचिव अब्दुल रशीद, और कार्यकारी सदस्य प्रो. अब्दुल कय्यूम अंसारी, डॉ. इदरीस कुरैशी, एडवोकेट असलम अहमद तथा एडवोकेट रईस अहमद (मीडिया प्रभारी और सलाहकार) शामिल थे। इसके अलावा, मोहम्मद इलियास (सचिव) और सफी अनवारी (महाराष्ट्र से) भी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े।

बैठक के दौरान सम्मेलन के एजेंडे और आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों की सूची की समीक्षा की गई। पहले दिन उद्घाटन सत्र की शुरूआत लखनऊ की इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी के स्वागत भाषण से होगी। इसके बाद अक्एट के अध्यक्ष डॉ. ख्वाजा एम. शाहिद का परिचयात्मक संबोधन होगा, और फिर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. फुरकान कमर मुख्य भाषण (कीनोट एड्रेस) देंगे।

भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जबकि पूर्व सांसद डॉ. फौजिया खान को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के संस्थापक और चांसलर प्रो. सैयद वसीम अख्तर उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे; इसी सत्र के दौरान अक्एट की स्मारिका (सोवेनियर) का भी विमोचन किया जाएगा। सम्मेलन में देश भर से कई प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी, जिनमें प्रो. अफसर आलम (कुलपति, जामिया हमदर्द), श्रीमती आबिदा इनामदार (उपाध्यक्ष, डॉ. पी.ए. इनामदार विश्वविद्यालय, पुणे), प्रो. मोहम्मद मियां (पूर्व कुलपति, MANUU), श्री अनीस अंसारी (पूर्व आईएएस अधिकारी), डॉ. वसीम खान (अध्यक्ष, आरएनटी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, राजस्थान), डॉ. अब्दुल कादिर (अध्यक्ष) शामिल हैं। शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और उपाध्यक्ष, एआईईएम), मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली (लखनऊ), प्रो. अनीता नूना (एनसीईआरटी, नई दिल्ली), श्री हसन घियास (यूएसए), श्री सलाहुद्दीन पोनेकर (निदेशक, एसईसीएबी, बीजापुर, कर्नाटक), डॉ. याकूब अशरफी (पटना), श्री खालिद सैफुद्दीन (फेम, औरंगाबाद), प्रो. मोहसिन खान (प्रो-कुलपति, एएमयू), इंजीनियर सैयद मोहम्मद शोएब (अध्यक्ष, अमुबा, लखनऊ), प्रो. एच. एम. आरिफ नदवी, प्रो. अल्फिना फारूकी, प्रो. नकीउर रहमान किदवई (उप निदेशक, आईक्यूएसी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी), डॉ. राहिल बेग, प्रो. याहया अंजुम (जामिया हमदर्द), प्रो. अब्दुल्ला बुखारी, प्रो. नसरीन सिद्दीकी (एएमयू), डॉ. नीरज बोरा (विधायक, लखनऊ), पद्म श्री डॉ. मंसूर हसन, डॉ. हलीमा सादिया, श्री मंसूर आगा (वरिष्ठ पत्रकार), और कोलकाता से श्री मुजफ्फर अली।

सचिवालय ने सम्मेलन के विभिन्न तकनीकी सत्रों की रूपरेखा को भी अंतिम रूप दे दिया है। बैठक की संपूर्ण व्यवस्था एवं प्रबंधन कार्यालय सचिव एजाज गौरी द्वारा सुचारु रूप से संचालित किया गया।

ओपी राजभर का अखिलेश यादव पर तंज, बोले- अफवाह फैलाकर यादव को कर रहे बर्बाद

लखनऊ (आरएनएस) । सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए निशाना साधा है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, अखिलेश यादव, आप तो अभी तक सो ही रहे होंगे, लेकिन आपका पीडीए यानी पीट देगा अहीर आपके सीएम बनने की अफवाह भर से सो ही नहीं रहा है। ओपी राजभर ने इटावा की घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि इटावा का गुंडा बिट्टू यादव अखिलेश यादव की दो-चार प्रेस कॉन्फ्रेंस देखकर इतना मनबढ़ हो गया कि उसको लगने लगा है कि अब तो उसकी गुंडई का राज वापस आने ही वाला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसी हनक और सनक में उसने दलित चंद्रमोहन दिवाकर की संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश की। जनता ने रोकने की कोशिश की तो पहले जमकर गालियां दीं और फिर दलित चंद्रमोहन दिवाकर को बुरी तरह से पीटा।

ओपी राजभर ने बाराबंकी की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि बाराबंकी में तो आपका गुंडा प्रमोद यादव और भी आगे निकल गया। उसने दलित दिलीप पासी को पीट-पीटकर जान से मार डाला।

ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव से सवाल करते हुए लिखा, क्या एक तरफ आपके चाचा बोलते हैं कि कोई गुंडई करे तो उसे पार्टी से बाहर निकाल दो और वहीं दूसरी तरफ आपके गुंडे अपनी मनमानी कर रहे हैं, जब मन



तब दलितों से मारपीट और गाली-गलौज कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सही कहते हैं, आप लोगों ने हर चौराहे पर गुंडों को पाल रखा है। राजभर ने पोस्ट में लिखा, मित्र अखिलेश जी, नींद और भ्रम की दुनिया से बाहर आइए और अपने गुंडों को कंट्रोल कीजिए। बताइए कि यादव-यादव बोलकर ज्यादा सीना न ठोंकें, नहीं तो यूपी पुलिस ऐसे लोगों की ऐंठन दूर करने में बहुत काबिल है। फिर आप कहेंगे कि यादव के साथ गलत हो रहा है।

उन्होंने एक्स पोस्ट के अंत में लिखा, आपका काम यादव को फंसाना नहीं है, लेकिन अफवाह फैलाकर उन्हें बर्बाद कर रहे हैं। खैर, आप जानें। जय भारत, जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, जय परशुराम, जय महाराजा सुहेलदेव।

चयनित सहायक लेखाकार अभ्यर्थियों ने आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में सह-निदेशक का किया घेराव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सहायक लेखाकार एवं लेखा परीक्षक भर्ती-2023 के चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र मिलने में हो रही देरी के विरोध में गुरुवार को न्यू हैदराबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नियुक्ति प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर हजारों परिवारों को राहत दिलाने की अपील

स्थित आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में सह-निदेशक का घेराव किया। अंतिम परिणाम घोषित होने के करीब तीन महीने बीत जाने के बाद भी नियुक्ति न मिलने से अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 12 अगस्त 2026 को इस भर्ती के 1643 पदों का अंतिम परिणाम घोषित किया था। अभ्यर्थियों के अनुसार, स्वास्थ्य परीक्षण और पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया करीब एक महीना पहले पूरी हो चुकी है, इसके बावजूद निदेशालय द्वारा नियुक्ति से पहले संपूर्ण दस्तावेज सत्यापन को अनिवार्य बताकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में देरी की जा रही है।प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश की अन्य भर्तियों जैसे ग्राम पंचायत अधिकारी और कनिष्ठ सहायक में प्रक्रियाएं



तेजी से पूरी कर नियुक्ति पत्र बांटे जा चुके हैं, फिर इस भर्ती के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है? वे अपनी गुहार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार के साथ-साथ उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के समक्ष भी लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि निदेशालय को समयबद्ध तरीके से नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए जाएं, या फिर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को परिवीक्षा अवधि के दौरान पूरा कराया जाए ताकि हजारों परिवारों का भविष्य अनिश्चितता से बच सके। अब सभी चयनित युवाओं की निगाहें मुख्यमंत्री के निर्णय पर टिकी हुई हैं।

अमरावती स्पोर्ट्स सिटी पहुंचीं भारतीय क्रिकेटर प्रतीका रावल, युवा खिलाड़ियों को दिए सफलता के मंत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी प्रतीका रावल ने अमरावती स्पोर्ट्स सिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अकादमी के युवा क्रिकेटरों से मुलाकात कर अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव साझा किए और उन्हें तकनीक, अनुशासन व निरंतर बेहतर प्रदर्शन के गुर सिखाए। प्रतीका ने स्पोर्ट्स सिटी की विश्वस्तरीय सुविधाओं और अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा, "युवा खिलाड़ियों में सीखने का जबरदस्त उत्साह है। यहां मिल रहे बेहतरीन माहौल और प्रशिक्षण से कई




प्रतिभाएं आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगी।"अमरावती स्पोर्ट्स सिटी के फाउंडर एवं अध्यक्ष रजनीकांत मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से सीधा संवाद युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। संस्थान का लक्ष्य आधुनिक सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय कोचों के माध्यम से प्रतिभाओं को अगले स्तर तक ले जाना है। गौरतलब है कि प्रतीका रावल ने 2025 आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने टूर्नामेंट के 7 मैचों में 308 रन बनाए थे, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ एक शानदार शतक भी शामिल था। यह दौरा युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तर के क्रिकेट के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ में शॉपिंग के साथ इनाम जीतने का मौका, 15 नवंबर तक 'शॉप मोर, विन फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ में शॉपिंग के साथ इनाम जीतने का मौका, 15 नवंबर तक 'शॉप मोर, विन बिगर' ऑफरबिगर' ऑफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ । त्योहार का मौसम खरीदारी का उत्साह बढ़ाने के लिए फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ में 'शॉप मोर, विन बिगर' ऑफर चलाया जा रहा है। यह ऑफर 15 नवंबर तक जारी रहेगा। इसके तहत ग्राहक अपनी खरीदारी पर आकर्षक उपहार पाने के साथ कई बड़े इनाम जीतने का मौका भी पा सकते हैं।

इस कैंपेन के तहत 8,999 या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। वहीं, 15,999 या उससे अधिक की खरीदारी पर ग्राहकों को निश्चित उपहार के साथ लकी ड्रॉ में शामिल होने का मौका मिलेगा। लकी ड्रॉ में येज्दी मोटरसाइकिल, सैमसंग रेफ्रिजरेटर और



डिशवॉशर जैसे आकर्षक इनाम शामिल हैं।त्योहारों के दौरान ग्राहकों के लिए खास धनतेरस ऑफर भी रखा गया था। इसके तहत 9,999 या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले पहले 100 ग्राहकों को निश्चित उपहार के साथ 5 ग्राम चांदी का सिक्का दिया गया।

इस मौके पर फीनिक्स मिल्स के रिटेल डायरेक्टर (नॉर्थ), श्री संजीव सरीन ने कहा, "त्योहारों का समय परिवारों के साथ खुशियां बांटने और अपनी पसंद की चीजें खरीदने का अवसर होता है। फीनिक्स यूनाइटेड में हमारा प्रयास है कि ग्राहकों की हर विजिट यादगार बने। 'शॉप मोर, विन बिगर' ऑफर के जरिए हम ग्राहकों को उनकी खरीदारी पर अतिरिक्त खुशी और बड़े इनाम जीतने का अवसर दे रहे हैं।"

जमाते जाफरी की ओर से मजलिस-ए-अजा-ए-फातमिया का आगाज, मौलाना वसी हसन खान ने किया पहला खिताब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। जमाते जाफरी के तत्वावधान में छोटे इमामबाड़े में मजलिस-ए-अजा-ए-फातमिया का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पहली मजलिस को जाने-माने आलिम-ए-दीन हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन ए-तय्यबा (पवित्र जीवन चरित्र) और उनकी अनमोल तालीमात के विभिन्न पहलुओं को बहुत ही सुंदर ढंग से बयान किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस विशेष मजलिस में बड़ी संख्या में अजादाराने अहलेबैत और देश-विदेश से आए अकीदतमंदों ने





मौलाना वसी हसन खान साहब ने खिताब किया।

अपने संबोधन में मौलाना ने शहजादी-ए-कौनैन हजरत फातिमा जहरा सलामुल्लाह अलैहा के फजाइल, मनाकि ब, अजमत और उनके बुलंद मर्तबे पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने हजरत फातिमा जहरा की सीरत-हिस्सा लिया। सभी ने पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ शहजादी-ए-कौनैन की बारगाह में नजराना-ए-अकीदत पेश किया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह से गमगीन और रूहानी रहा, जिसमें शिरकत करने वालों ने कर्बला और अहलेबैत की याद में आंसू बहाए और अपनी अकीदत का इजहार किया।

आह्वान त्रिलोक त्यागी और दिलनवाज खान ने कार्यकताओं से संगठन मजबूत करने का किया आह्वान

मेरठ में रालोद के सम्मेलन में जुटे कई जिलों के पदाधिकारी, संगठन मजबूत करने पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। शहर के एसजीएम गार्डन में राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का हस्तिनापुर क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया

हाजी जहीर अब्बासी के नेतृत्व में हुआ रालोद का क्षेत्रीय सम्मेलन

गया। इसमें मेरठ सहित कई जिलों से पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में संगठन को मजबूत बनाने और अल्पसंख्यक समाज की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी मुख्य अतिथि और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दिलनवाज खान विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अध्यक्ष मारूफ अली और मेरठ जिला अध्यक्ष हाजी जहीर अब्बासी ने प्रदेश मुख्य महासचिव दिलप्रीत कोहली



के मार्गदर्शन में किया। महानगर अध्यक्ष विवेक बाफर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

त्रिलोक त्यागी और दिलनवाज खान ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला संगठन है। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी एकता बनाए रखने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की अपील की। साथ ही किसान, मजदूर, गरीब, युवा और अल्पसंख्यक समाज के हितों के लिए काम करने का आह्वान किया। सम्मेलन में थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, सिवालखास विधायक गुलाम मोहम्मद, हस्तिनापुर क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नरेंद्र सिंह खजूरी, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव ऋचा सिंह और हरियाणा-जम्मू-कश्मीर प्रभारी विनय प्रधान भी मौजूद रहे। इस दौरान अलग-अलग जिलों से आए पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन के आयोजन में मेरठ जिला अध्यक्ष हाजी जहीर अब्बासी की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने अतिथियों और कार्यकताओं का स्वागत किया। अंत में सभी का आभार जताया गया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267